इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -47 राजनांदगांव, मंगलवार 02 जनवरी 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

महिला रोग विशेषज्ञ
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिलाषा मिश्रा
दीप- ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
* नार्मल डिलीवरी
* सिजेरियन डिलीवरी
* बच्चादानी का ऑपरेशन
* दूरबीन द्वारा बच्चादानी का ऑपरेशन
* अण्डाशय का ऑपरेशन
* माहवारी से संबंधित समस्या
* नसबंदी ऑपरेशन
* नि: संतानता एवं बांझपन
* सामान्य जांच
प्रतिदिन- मिलने का समय- सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक
ऑपरेशन से संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करें- 9301033013, 9752899208
पूर्व पंजीयन कराना अनिवार्य
ओपीडी में नंबर लगाने के लिए 7772032888
शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसंतपुर राजनांदगांव

देशभर में लाखों ट्रकों-बसों के पहिए थमे, परेशान हुए लोग; अब अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी

नई दिल्ली। पूरे देश में बसों और ट्रकों के पहिए नए साल के पहले दिन थम गए। इसमें प्राइवेट बसों ट्रकों से लेकर सरकारी महकमें की बसें भी शामिल रही। आलम यह रहा कि सोमवार को देश के ज्यादातर राज्यों के हाईवेज पर न सिर्फ ट्रक और प्राइवेट बस खड़ी हो गई। सरकारी बसों के पहिए भी इस हड़ताल में थम गए। नतीजा हुआ कि देश के अलग-अलग राज्यों में सफर करने वाले यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, जबकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर हड़ताल के चलते कई जगहों पर भारी जाम का भी सामना करना पड़ा। जिसके चलते इन रास्तों से आने जाने वाले लोगों को भी खूब परेशानियां हुई। ऑल इंडिया ट्रक और बस ड्राइवर संगठन का कहना है ड्राइविंग के दौरान हुई दुर्घटना के लिए बनाया गया नया कानून अगर नहीं बदला जाएगा तो यह स्ट्राइक अनिश्चितकालीन के लिए बढ़ा दी जाएगी।

ऑल इंडिया ट्रक और बस ड्राइवर संगठन समेत अलग-अलग ड्राइवर संगठन के लोगों ने 1 जनवरी से 3 जनवरी तक का 'स्टेरिंग छोड़ो' के नाम से चक्काजाम शुरू कर दिया है। संगठन के सोनू यादव कहते हैं कि आपराधिक कानूनों में किए गए बदलाव के कारण हिट एंड रन केस में भी सजा बढ़ा दी गई है। जिसके चलते देश भर में ट्रक और बस चालकों ने विरोध प्रदर्शन किया है। सजा की अवधि बढ़ाए जाने के खिलाफ बस और ट्रक ड्राइवरों के साथ-साथ ऑटो चालकों ने भी मोर्चा खोल दिया है।

हिट एंड रन कानून से हुए आक्रोशित

वह कहते हैं कि हिट एंड रन केस में नए कानून के तहत फरार और घातक दुर्घटना की सूचना नहीं देने पर ड्राइवरों को अब दो साल की नहीं, बल्कि 10 साल तक की जेल हो सकती है। उनका कहना है कि सड़कों पर रोजाना लाखों की संख्या में ट्रक ड्राइवर चलते हैं और कई दुर्घटनाएं भी होती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में अक्सर ड्राइवर अपनी जान बचाकर निकलता है। भले ही गलती ट्रक ड्राइवर की हो या ना हो। उनका कहना है अगर ड्राइवर वहां पर रुक जाए तो मौजूद भीड़ की हत्या तक कर सकती है। अब नए कानून में अगर वह ड्राइवर भाग जाता है तो उसको 2 साल की जगह पर 10 साल की सजा और सात लाख रुपए का जुर्माना देना होगा।

ऑल इंडिया ट्रक और बस ड्राइवर संगठन का कहना है कि इस जुर्माना और सजा के खिलाफ ही उनका चक्का जाम शुरू हुआ है। इस चक्काजाम का असर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र समेत देश के ज्यादातर राज्यों के राजमार्ग पर दिखा। उत्तरप्रदेश रोडवेज कर्मचारी महासंघ के प्रमोद बताते हैं कि प्रदेश के ज्यादातर बस अड्डों से सरकारी बसें भी एक जनवरी को नहीं चली, क्योंकि बस के ड्राइवर भी इस हड़ताल का हिस्सा बनकर कानून को बदलने की मांग कर रहे हैं। ऑल इंडिया ट्रक और बस ड्राइवर संगठन के सोनू यादव का कहना है कि जब तक कानून में बदलाव नहीं किया जाएगा तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। वह कहते हैं कि उनके साथ सिर्फ ट्रक और बसों के ड्राइवर ही नहीं बल्कि सरकारी संगठन से जुड़े सभी वाहन चालक भी शामिल हो गए हैं। संगठन ने पूरे

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

बॉर्डर पर बढ़ेगी भारत की ताकत, पाकिस्तानी सीमा पर तैनात होने जा रहे शक्तिशाली छह अपाचे हेलीकॉप्टर

नई दिल्ली। भारतीय सेना पाकिस्तान से लगी सीमा पर पश्चिमी रेगिस्तान में अपनी युद्धक क्षमता बढ़ा रही है। इसीलिए जोधपुर के सैन्य बेस पर छह अपाचे युद्धक हेलीकॉप्टर तैनात करने जा रही है। सैन्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि करार के अनुसार पहला अपाचे हेलीकॉप्टर अमेरिका से फरवरी-मार्च में गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस तक पहुंच जाने की उम्मीद है।

अधिकारियों के मुताबिक, इसके बाद इन युद्धक हेलीकॉप्टरों को अभियानों के लिए जोधपुर के सैन्य बेस पर तैनात किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय वायुसेना के पास पहले से ही 22 अपाचे हेलीकॉप्टर हैं, जिन्हें पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर तैनात किया गया है।

अपाचे हेलीकाप्टरों की कुल संख्या बढ़कर 28 हो जाएगी

सेना में अपाचे हेलीकॉप्टरों की तैनाती के बाद इनकी कुल संख्या बढ़कर 28 हो जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका से हुए करार के मुताबिक भारत ने पहले ही अमेरिकी सैन्य अड्डों पर अपने पचास से अधिक पायलटों और तकनीशियनों को प्रशिक्षित किया है। भारतीय सेना बहुत ही कम समय में इसके पूरे दस्ते को संचालित करने में सक्षम होगी।

पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में तैनात होंगे हेलीकाप्टर

साल 2020 में चीनी आक्रामकता के बाद अमेरिका के इन लड़ाके हेलीकॉप्टरों को जल्द ही पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में भी तैनात किया जाएगा। अपाचे की मूल निर्माता कंपनी बोइंग ने पिछले साल ही घोषणा की थी कि उसने भारत के लिए युद्धक हेलीकॉप्टरों का निर्माण अमेरिका के एरीजोना (मेसा) में शुरू कर दिया है। इस उत्पादन प्रक्रिया में टाटा-बोइंग एयरोस्पेस लिमिटेड (टीबीएएल) की सहभागिता है। भारत में हैदराबाद स्थित उपक्रम में एएच-64ई के निर्माण की अहम भूमिका है।

'अनुच्छेद-370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान के मुताबिक', सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ ने दिया बयान

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने संविधान के अनुच्छेद-370 को रद करने के फैसले को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ के सर्वसम्मत फैसले की आलोचना पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त करने से सोमवार को इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि जज किसी भी मामले का फैसला संविधान और कानून के अनुसार करते हैं।

एक विशेष साक्षात्कार में प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जहां तक हमारा सवाल है तो हम संविधान और कानून के मुताबिक फैसला करते हैं। मुझे नहीं लगता कि मेरे लिए आलोचना का जवाब देना या अपने फैसले का बचाव करना उचित होगा। हमने अपने फैसले में जो कहा है वह हस्ताक्षरित फैसले में मौजूद कारण में प्रतिबिंबित होता है। उन्होंने कहा कि किसी मामले का फैसला करने वाले जज अपने फैसले के माध्यम से बोलते हैं।

एक बार फैसला सुनाए जाने के बाद वह फैसला देश की सार्वजनिक संपत्ति बन जाता है। जब तक कोई फैसला नहीं सुनाया जाता, तब तक प्रक्रिया उन न्यायाधीशों तक ही सीमित रहती है जो उस मामले के फैसले में शामिल होते हैं।

एक बार हम किसी निर्णय पर पहुंच जाते हैं और निर्णय सुना देते हैं तो यह एक सार्वजनिक संपत्ति है। यह राष्ट्र की संपत्ति है। हम एक स्वतंत्र समाज हैं। हमारे पास एक संविधान है जो भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। इसलिए लोग भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का प्रयोग करने के हकदार हैं। वे आलोचना कर सकते हैं और सराहना कर सकते हैं।

अयोध्या मामले पर सीजेआई ने दी अहम टिप्पणी

अयोध्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के चार वर्ष बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि फैसला सुनाने वाले पांचों जजों ने सर्वसम्मति से तय किया था कि यह कोर्ट का फैसला होगा, इसका कोई एक लेखक नहीं होगा। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने 9 नवंबर, 2019 को यह ऐतिहासिक फैसला सुनाया था।

उक्त पांच सदस्यीय पीठ का हिस्सा रहे जस्टिस चंद्रचूड़ ने फैसले में लेखक जज का नाम नहीं छापने के मुद्दे पर कहा कि जब न्यायाधीश एक साथ बैठे, जैसा कि वे फैसला सुनाने से पहले करते हैं, तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह एक अदालत का फैसला होगा। इसलिए किसी जज को इसका श्रेय नहीं दिया गया।

सीजेआई ने कहा, इस मामले में संघर्ष का एक लंबा इतिहास है,

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

महादेव एप मामले में ईडी ने पेश किया 1800 पन्नों का परिवाद, 6000 करोड़ की गड़बड़ी में पांच और आरोपियों के नाम शामिल



रायपुर। महादेव एप आनलाइन सट्टेबाजी मामले में सोमवार को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने विशेष कोर्ट में प्रथम पूरक अभियोजन परिवाद पत्र पेश किया है। 1,800 पन्ने के पेश किए गए इस परिवाद पत्र में पांच और नए आरोपितों के नाम जोड़े गए हैं। परिवाद में छह हजार करोड़ रुपये की गड़बड़ी ईडी के अधिकारियों ने बताई है। 10 जनवरी को कोर्ट में इस परिवाद पर दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के बीच बहस होगी।

ईडी के विशेष लोक अभियोजक डा. सौरभ कुमार पांडेय ने बताया कि ईडी के विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सोमवार को महादेव बेटिंग एप सट्टेबाजी मामले का प्रथम पूरक अभियोजन परिवाद पेश किया गया। इस परिवाद पत्र में जेल में बंद निलंबित कांस्टेबल भीम सिंह यादव, कार ड्राइवर असीम दास, खुद को महादेव एप का संचालक बताने वाले शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल और रोहित गुलाटी को आरोपित बनाया गया है। न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने दस जनवरी को इस परिवाद पर बहस करने की तिथि नियत की है। बहस के दौरान ही साफ होगा कि महादेव एप सट्टेबाजी में किन-किन आरोपितों की क्या भूमिका थी।

पहला परिवाद नौ हजार पन्नों का

ईडी ने इससे पहले 21 अक्टूबर, 2023 को विशेष कोर्ट में अभियोजन परिवाद पेश किया था। इस परिवाद में 14 आरोपितों के नाम शामिल थे। ईडी का यह पहला अपराधिक परिवाद करीब दस हजार पन्नों का था। उस समय ईडी की ओर से कोर्ट को बताया था कि प्रारंभिक तौर पर 41 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। कोर्ट में पेश 9,084 पन्ने के इस परिवाद में आपराधिक परिवाद 197 पन्नों का था, जबकि इससे संबंधित अभिलेख 8,887 पन्नों का था। ईडी द्वारा पहले पेश किए गए आपराधिक परिवाद में महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर, सहयोगी रवि उप्पल, निलंबित एएसआइ चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल धमानी, सुनील धमानी, विशाल आहूजा, धीरज आहूजा, पूनाराम वर्मा, शिव कुमार वर्मा, यशोदा वर्मा और पवन नत्थानी के नाम बतौर आरोपित शामिल हैं। इनमें चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, अनिल धमानी और सुनील धमानी, निलंबित कांस्टेबल भीम सिंह यादव, असीम दास न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल में बंद हैं।

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ
जल स्रोत खोज विशेषज्ञ (पिछले 5 वर्षो से)
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच
प्रो. सौरभ साहू (दद्दु) - 7987256455, 9407608684
पता :- नई चौक, वन वाटिका के सामने, मोहला रोड, राजनांदगांव (छ.ग.

मणिपुर के थौबल में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या, पांच जिलों में कर्फ्यू; सीएम की अपील- शांति बनाए रखें

इम्फाल। मणिपुर के थौबल जिले में सोमवार को तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई, इस दौरान पांच अन्य लोग भी घायल हो गए हैं। राज्य में हिंसा न भड़के इसके लिए पांच घाटी जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया हैं। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि बंदूकधारियों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी हैं। बंदूकधारी छद्मवेशी कपड़ों में लिलोंग चिंगजाओ क्षेत्र पहुंचे, जहां स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

पांच जिलों में फिर से लागू किया कर्फ्यू

गौरतलब है कि हमले के बाद आक्रोशित स्थानीय भीड़ ने तीन वाहनों पर आग लगा दी, अभी यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि आखिर ये कारें किसकी थी। अधिकारियों ने बताया कि ताजा हिंसा के बाद थौबल, इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में फिर से कर्फ्यू लगा दिया गया है। एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हिंसा की निंदा की और स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

सीएम बोले, जल्द गिरफ्त में आएंगे अपराधी

घटना के बाद सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि पुलिस हमले के शामिल संदिग्धों को गिरफ्तार करने की काम कर रही हैं, जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे और उन्हें कानून के मुताबिक कड़ा से कड़ा दण्ड दिया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मई माह के शुरुआत में मणिपुर में हुई जातीय हिंसा के बाद 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किया गया था।

बता दें मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी नागा और कुकी 40 प्रतिशत से कुछ अधिक हैं और पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

रामभक्तों के लिए खुशखबरी, राम लला की 51 इंच लंबी प्रतिमा फाइनल

अयोध्या। श्रीरामभक्तों के लिए खुशखबरी है। राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की प्रतिमा का चयन कर लिया गया। यह चयन तीन प्रतिमाओं में से किया गया है। इनमें से दो मूर्तियों को फाइनल किया गया था और उनमें से भी एक गर्भ गृह में स्थापित होगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि गर्भगृह में रामलला की 51 इंच लंबी प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिसमें रामलला 5 साल के बाल स्वरूप में होंगे। प्रतिमा में रामलला को खड़े हुए दिखाया गया है। प्रतिमा ऐसी है जो राजा का पुत्र लगे और विष्णु का अवतार लगे। गर्भगृह में रामलला कमल के फूल पर विराजमान होंगे। कमल के फूल के साथ उनकी लंबाई करीब 8 फीट होगी। सूत्रों की मानें तो नीले पत्थर से रामलला की प्रतिमा तैयार की गई है। मूर्तिकार योगीराज की बनाई प्रतिमा का चयन किया गया है।

गैंगस्टर गोल्डी बराड़ आतंकवादी घोषित, सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपी पर गृह मंत्रालय की कार्रवाई

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या के आरोपी गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित कर दिया है। गोल्डी बराड़ पर गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

हथियारों की करता था तस्करी

गृह मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से संचालित हो रहे आतंकवादी संगठन गोल्डी बराड़ का समर्थन करती हैं। उसने अभी तक कई हत्याएं की हैं। वह इन सब की सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी भी लेता है। वह राष्ट्रवादी नेताओं को कॉल कर धमकी देता है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि सीमा से ड्रोन के जरिए आधुनिक हथियारों व गोला-बारूद की तस्करी होती थी। गोल्डी बराड़ इस अपराध में शामिल था। वह इन आधुनिक हथियारों से लोगों की हत्या करवाता था।

देश के खिलाफ रच रहा था साजिश

गृह मंत्रालय ने कहा कि गोल्डी बराड़ पंजाब में अशांति फैलाने का काम कर रहा था। वह वहां की शांति, सद्भाव, कानून व्यवस्था को खराब कर रहा था। वह देश के खिलाफ गतिविधियों की साजिश रचने में भी शामिल था।

फरवरी माह से महिलाओं को मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद अब भाजपा चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच अब महतारी वंदन योजना को लेकर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अगले महीने से महतारी

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

कांग्रेस ने लोकसभा सीट बंटवारे की सिरदर्दी सुलझाने की बढ़ाई गति, 4 जनवरी को होगी पार्टी हाईकमान की अहम बैठक

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के सीट बंटवारे के लिए विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन के दलों के चौतरफा दबाव के बीच कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाईयों के साथ चर्चा का दौर लगभग पूरा कर लिया है। पार्टी हाईकमान अब वरिष्ठ नेताओं से अगले दो-तीन दिनों में तालमेल के मुद्दे पर मशविरा कर राज्यों में क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे की कसरत को सिरे चढ़ाएगा। समझा जाता है कि कांग्रेस की पंजाब इकाई के अलावा कमोबेश अन्य प्रदेश इकाईयों ने आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल दलों के साथ लोकसभा सीट बंटवारे पर हामी भरते हुए अपनी अधिकतम और न्यूनतम अपेक्षाएं नेतृत्व को बता दी है।

गठबंधन की गांठें सुलझाना कांग्रेस के लिए चुनौती

आम चुनाव की तैयारियों को गति देने के लिए गठबंधन की गांठें सुलझाना कांग्रेस के लिए पहली बड़ी चुनौती है और पार्टी राहुल गांधी की मणिपुर से मकर संक्राति के दिन पूरब से पश्चिम भारत को जोड़ने वाली शुरू हो रही न्याय यात्रा से पूर्व इस कसरत को पूरा कर लेना चाहती है। लोकसभा सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय होने के बाद ही आईएनडीआईए के दलों की अगली बैठक बुलाए जाने की संभावना है ताकि चुनाव से पहले गठबंधन की एकजुटता का संदेश दिया जा सके।

सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करना आसान नहीं

हालांकि सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करना कांग्रेस के लिए आसान नहीं है क्योंकि जिन राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियों का वर्चस्व है वहां वे उसे अधिक सीटें देने के पक्ष में नहीं हैं। पश्चिम बंगाल इसका उदाहरण है जहां तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी को केवल दो सीटें देने की पेशकश की है और बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी खुले तौर पर यह बयान दे चुके हैं कि ममता बनर्जी तालमेल के लिए गंभीर नहीं हैं।

पंजाब-बंगाल के अलावा अन्य राज्यों में सकारात्मक नजरिया

वैसे पार्टी सूत्रों ने कहा कि पंजाब और बंगाल के अलावा अन्य राज्यों की इकाईयों ने गठबंधन को लेकर सकारात्मक नजरिया अपनाया है। कांग्रेस की गठबंधन समिति ने पिछले हफ्ते पंजाब के अलावा बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि राज्यों के नेताओं से तालमेल पर चर्चा पूरी कर ली थी। पार्टी की पांच सदस्यीय गठबंधन समिति के सदस्यों अशोक गहलोत, भूपेश बघेल,

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन देंगे इस्तीफा, पत्नी को बनाएंगे सीएम, बीजेपी सांसद के बयान से मचा घमासान

नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही झारखंड की सियासत में बड़ी तब्दीली की संभावना ने जोर पकड़ लिया है। ईडी के सातवें एवं आखिरी समन की डेडलाइन 31 दिसंबर, 2023 तक सीएम सोरेन की ओर से कोई जवाब नहीं देने और अब सत्तारूढ़ पार्टी जेएमएम के एक विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में राज्य की सियासत में बड़ा घटनाक्रम देखने को मिल सकता है। ईडी अब जांच में असहयोग का हवाला देकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के लिए अदालत से वारंट मांग सकती है।

इसी बीच बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने एक ट्विट किया जिसके बाद से चर्चा है कि उनकी गिरफ्तारी के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को नया नेता चुन सकता है और उन्हें राज्य की नई मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई जा सकती है। इसलिए गांडेय क्षेत्र से झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे को सोची-समझी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, ताकि इससे रिक्त होने वाली सीट पर भविष्य में कल्पना सोरेन को विधायक का चुनाव लड़ाया जा सके।

सांसद निशिकांत दुबे ने कसा तंज

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे तंज कसते हुए कहा कि जल्दी ही सीएम सोरेन भी उनके विधायक के नक्शेकदम पर चलते नजर आएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'झारखंड के गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधानसभा से इस्तीफा दिया, इस्तीफा स्वीकार हो गया। हेमंत सोरेन जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे, झारखंड की अगली मुख्यमंत्री उनकी पत्नी कल्पना सोरेन जी होंगी। नया साल सोरेन परिवार के लिए कष्टदायक।'

जेल जा सकते हैं सोरेन

रांची में जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने बीते 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सातवीं बार समन भेजा था। एजेंसी ने इसे आखिरी समन बताते हुए उन्हें सात दिनों के अंदर बयान दर्ज कराने को कहा था। सीएम को भेजे गए पत्र में ईडी ने कहा था कि वे दो दिनों के अंदर यानी 31 दिसंबर तक ऐसी जगह तय करके सूचित करें, जहां उनका बयान दर्ज किया जा सके। 31 दिसंबर तक हेमंत सोरेन ने ईडी के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। माना जा रहा है कि इसके बाद ईडी उनकी गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कानूनी कदम उठाएगी।

छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करें अधिकारी - मुख्यमंत्री साय

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज नये साल के दिन जब मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय काम-काज निपटाने पहुंचे, तो इस मौके पर विभिन्न विभागों के सचिवों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें नव-वर्ष की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि आज साल का पहला दिन है। आज हम समीक्षा करें कि किस तरह अगले एक साल में अपने विभागीय लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में बेहतर रणनीति और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर सकते हैं। नई सरकार से लोगों में बहुत सी उम्मीदें हैं। इन सबको पूरा करने के लिए हम सबको कड़ी मेहनत करनी है। मंत्रालय में सचिव स्तर के अधिकारी लोक कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं पर जितनी बेहतरी से कार्य करेंगे, जमीनी स्तर पर इनके क्रियान्वयन में स्थानीय अधिकारियों को उतनी ही मदद मिलेगी। सचिवों से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को दी गई गारंटी के संबंध में विशेष रूप से चर्चा की।

मोदी की गारंटी पूरा करना सबसे अहम, न्यूनतम समय में पूरी गुणवत्ता के साथ क्रियान्वयन के लिए करें काम

0 नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ को संवारने का काम करेगी मंत्रालय में सचिवों की टीम

0 मुख्यमंत्री श्री साय ने सचिवों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए साल भर की प्लानिंग कर कार्य करने को कहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की सभी गारंटी को पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जो प्रगति अपेक्षित रही है, उसका लाभ लोगों तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर लोगों के लिए शुद्ध पेयजल तक मोदी जी की गारंटी आम जनता की दैनिक जरूरतों से जुड़ी हैं। इन्हें पूरा करने के लिए मिशन मोड में काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि मंत्रियों को विभाग आवंटित कर दिये गये हैं। शासन की मंशा के मुताबिक लोक कल्याणकारी योजनाओं में तेजी से प्रगति लानी है। हमने सुशासन दिवस पर अटल मानिटरिंग ऐप भी लांच किया है। इसके माध्यम से हमें योजनाओं की प्रगति की अद्यतन जानकारी मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की स्थिति पर नजर रखें। जहां किसी तरह की दिक्कत आ रही हैं, उन्हें समय-समय पर अवगत कराते रहें ताकि तत्काल ही सुधारात्मक उपाय किये जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता ने हम पर भरोसा जताया है और हम सुशासन के लिए प्रतिबद्ध हैं। नये साल का मौका हमको नये उत्साह से भरता है, उम्मीद है कि इस दिशा में सभी बेहतर काम करेंगे।

नये साल की मंडई रद्द, अब 8 मार्च को मंडई

नाग नागिन रक्षा रूप में साक्षात विराजमान



राजनांदगांव (दावा)। महाशिवरात्रि पूजा अर्चना 8 मार्च को जय माँ अष्टंगी चरण पादूका शक्तिपीठ मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि में नागदेव नागिन देवी शिवलिंग रूद्राक्ष माला तुलसी माला की विधि विधान से गंगा जल, दूध, दही, घी व प्राकृति जड़ीबूटी जल अभिषेक कर बेल पत्र धतुरा फुलहर ब्रम्ह मुहुर्त 4 बजे से सुबह 6 बजे तक हवन पूजा महाआरती 56 प्रकार का भोग लगाया जायेगा। निःशुल्क तुलसी कण रूद्राक्ष माला दिये जायेंगें। 01 जनवरी को नया साल को आयोजित की गई मंडई मेला को न करके आने वाले महाशिवरात्रि 8 मार्च को मेला मंडई रखा गया है। पेण्ड्री गोठान से ध्वजा पटाका राऊत नाम व कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। चौक चौराहों से प्रमुख मार्ग का होते हुए जमाही पुल रेल्वे लाईन माह अष्टंगी चरण पादुका मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की जायेगी। दोपहर 01 बजे से शाम 5 बजे तक सेवा जस जगराता कार्यक्रम रखा गया है हर श्रद्धालु से अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आप सभी सादर आमंत्रित है।

पहला कॉलम...

नववर्ष पर प्राथमिक शाला गिरगाँव में किया गया स्वेटर वितरण

डोंगरगांव (दावा)। जैन समाज डोंगरगांव के सामाजिक बंधुओं के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला गिरगांव के कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर वितरण किया गया। जैन समाज डोंगरगांव के अध्यक्ष के द्वारा उक्त पुण्यकार्य के लिए पहल की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठ समाजसेवी देशराज जैन सहित जैन बंधुओं का सहयोग रहा। ग्राम गिरगांव से सरपंच कुमान नेताम, उपसरपंच चिमन कोमरे, ग्राम प्रमुख संतकुमार सेवता, वरिष्ठ ग्रामवासी थनवार सिन्हा, कुसुम साहू आदि ने समाज के इस पहल की प्रशंसा की। शाला परिवार गिरगांव की ओर से शशांक साहू ने इस सतकर्म-पुण्यकर्म के लिए साधुवाद ज्ञापित कर इसे अनुकरणीय पहल बताया। शाला परिवार की ओर से राजकुमार ठाकुर, शमसुद्दीन अंसारी, टोमन चंद्रवंशी, कुमार साहू उपस्थित रहे।

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान हेतु समिति का निर्माण जारी

राजनांदगांव (दावा)। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा ग्रह संपर्क अभियान नगर राजनांदगांव की टोली प्रत्येक वार्डों में बस्ती सह अभियान संचालन समिति का गठन कर रही है। इसी क्रम में वार्ड नंबर 14 नेहरू नगर में 31 दिसंबर को बैठक ली गई, जिसमें 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलने वाले अक्षत वितरण और 22 जनवरी के 11 से 1 बजे तक के प्रमुख कार्यक्रमों के लिए समिति का गठन किया गया। नेहरू नगर की प्रसिद्ध सामाजिक मातृशक्ति श्रीमति छाया ठाकुर को संयोजक, अनिल त्रिपाठी एवं श्रीमती रचना मेनन को सहसंयोजक बनाया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में नेहरू नगर निवासी थे।

श्रीमती राजकुमारी पाटकर का निधन

डोंगरगढ़ (दावा)। कृष्णा नगर रेलवे कालोनी डोंगरगढ़ निवासी श्रीमती राजकुमारी पाटकर ध.प. लखन पाटकर उम्र 54 वर्ष का आज प्रातः हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे कृष्णा नगर, रेलवे अस्पताल के पीछे स्थित निवास से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली गई।

राजेन्द्र सिंह सोलंकी का निधन

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महेन्द्र नगर, लालबाग निवासी राजेन्द्र सिंह सोलंकी का आकस्मिक निधन दिनांक 1 जनवरी को हो गया है। जिनकी आज 2 जनवरी को अंतिम यात्रा 2 बजे उनके निज निवास से निकाली जावेगी। मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री सोलंकी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है।

आदिवासियों की संस्कृति समाज की आत्मा, धरोहर एवं मेरुदंड है - चन्द्रेश ठाकुर

0 ग्राम बगईकोन्हा में कोया पूनेम संवैधानिक कार्यशाला एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। गोण्डवाना समाज के अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति आदिवासी समाज की आत्मा, धरोहर एवं मेरूदंड है। उन्होंने कहा कि यदि आदिवासी समाज को बचाए रखना है तो आदिवासियों की गौरवशाली संस्कृति एवं विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। श्री ठाकुर शनिवार 30 दिसम्बर को बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बगईकोन्हा में कोया पूनेम संवैधानिक कार्यशाला एवं कैरियर मागदर्शन के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गोण्डवाना महासभा के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम, कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रमुख प्रशिक्षक तुकाराम कोर्राम, ब्लॉक संरक्षक बिशनाथ सिंह गोटा, कार्यकारी अध्यक्ष भावसिंह वट्टी, सरपंच ग्राम पंचायत बगईकोन्हा तिलक राम नेताम, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार कोरेटी, महासचिव महाराम सोरी, खाद्य निरीक्षक धरमु किरंगे, व्याख्यता टीएस मण्डावी सहित अन्य समाजगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति अत्यंत वैभवशाली एवं विश्व की समस्त संस्कृतियों की जननी है। जिनका उल्लेख देश के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने अपने विश्व विख्यात पुस्तक 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' में की है। उन्होंने आदिवासी समाज के उत्थान के शिक्षा, संगठन एवं ज्ञानार्जन को अत्यंत आवश्यक बताया। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों को ठोस रणनीति बनाकर उसे अमल में लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर का सामना करने के लिए समाज के लोगों को आर्थिक रूप से सक्षम होना भी जरूरी है। इसके लिए उन्होंने समाज के लोगों को व्यापार, व्यवसाय में भी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। श्री ठाकुर ने नशापान को समाज के विकास में सबसे बड़ा बाधा बताते हुए इसे सर्वथा दूर रहने की अपील की। उन्होंने समाज के युवाओं को बड़ा सपना देखने तथा कठिन परिश्रम एवं त्याग, संयम से अपने सपने को साकार कर राष्ट्र व समाज में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के संयोजक एवं मुख्य प्रशिक्षक तुकाराम कोर्राम ने संस्कृति को समाज का रीढ़ बताते हुए नई पीढ़ी को इसके संरक्षण व संवर्धन के लिए आगे आने की अपील की।

उन्होंने युवाओं को समाज का भावी भविष्य बताते हुए ज्ञानवान एवं सामर्थ्यवान समाज के हित में योगदान देने को कहा। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ एवं वक्ताओं के द्वारा दिनांक 30 एवं 31 दिसम्बर आयोजन के दौरान कोया पूनेम संवैधानिक कार्यशाला के लिए मार्गदर्शन के विभिन्न विषयों पर सारगर्भित रोचक प्रकाश डालते हुए प्रेरणास्पद जानकारियां दी। कार्यक्रम में युवा-युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।

22 जनवरी को फिर दीवाली मनाएं - प्रतिक्षा भंडारी

राजनांदगांव(दावा)। ग्राम डुडिया में 7 दिवसीय रामायण कथा के समापन में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा भंडारी शामिल हुईं। उन्होंने यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को प्रणाम कर कहा कि, सनातन धर्म मानवों में मानवता और श्रेष्ठता का भाव पैदा करता है। भगवान श्रीराम ने सद्धर्म की रक्षा के लिए सदैव त्याग किया। त्याग का भाव ही मनुष्यों को मर्यादा पुरुषोत्तम बना देता है।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजित हो रहे हैं। दशकों से जिसकी प्रतिक्षा सनानत जग को थी वह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में फलीभूत हो रहा है। उन्होंने आमजनों से इस दिन प्रत्येक घर में कम से कम 11 दीप जलाकर और पटाखे फोड़कर दीवाली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ये ऐतिहासिक क्षण है जिसका हम सभी को भागीदार बनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत उपरवाह सरपंच पुनीता साहू सहित बड़ी संख्या में श्रोता ग्रामवासी उपस्थित थे।

संसदीय क्षेत्र में मना सांसद संतोष पाडे का जन्मदिन

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सांसद संतोष पांडे का जन्मदिन संस्कारधानी नगरी सहित पूरे जिले भर में धूमधाम के सथ मनाया गया। इस दौरान पूरे जिले भर में सांसद संतोष पांडे के जन्मदिन से संबंधित सैकड़ों कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां श्री पांडे को ससम्मान आमंत्रित कर जन्मदिन पर उनका मुंह मीठा कराते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाइयां व शुभकामनाएं दी गई। यह सिलसिला श्री पांडे जी के गृहग्राम कवर्धा से लेकर डोंगरगढ़, खैरागढ़, राजनांदगांव व आसपास के कस्बे में देर रात तक जारी रहा। सांसद पांडे के जन्म दिवस पर उनके शुभचिंतकों द्वारा आयोजित किए गए हैप्पी बर्थ डे कार्यक्रम में सांसद जी के आगमन होने पर जमकर फटाके फोड़े गए। रंग-बिरगी रौशनियों की आतिशबाजी की गई व केक काटकर खुशियां मनाते हुए श्री पांडे का मुंह मीठा कराया गया।

बधाईयों का सिलसिला

जिले के सांसद संतोष पांडे का जन्मदिन 31 दिसम्बर मनाए जाने की खबर सुनते हरी रविवार की सुबह से उन्हें जन्मदिन की बधाई एवं शुभकानाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं सहित सभी भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के मोबाइल काल आने शुरू हो गए। कई लोगों ने वाट्सअप में सांसद का फोटो व पुष्प गुच्छ के साथ बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ मैसेज प्रेषित किए गए। वहीं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष भरत वर्मा, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, अमर ललवानी सहित भाजपा के सभी मंडल के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने भी सांसद श्री पांडे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

संस्कारधानी से लेकर पूरे जिले भर में जन्मदिन के हुए कार्यक्रम, बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का रहा तांता

सांसद श्री पांडे के कवर्धा से होकर गंडई, छुईखदान, खैरागढ़, ठेलकाडीह, तिलई, गठुला आदि आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में भाग लेते हुए राजनांदगांव पहुंचने पर सिविल लाईन स्थित सांसद कार्यालय में श्री पांडे का आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान साहित्यिक कार्यक्रम से होकर सांसद कार्यालय में पधारे जिले के कवि/साहित्यकारों ने भी सांसद को पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित छ.ग. राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि/साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य', गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', हरिशंकर झारराय, पवन यादव 'पहुना', रौशन साहू व साहित्यिक अभिरूचि वाले अमलेन्दू हाजरा आदि उपस्थित थे। यहां सांसद के जन्मदिन के केक काटने व धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाए जाने के पश्चात भाजपा कार्यालय व महावीर चौक में जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित कर मनाया गया। इस दौरान नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किसुन यदू, देवशरण सेन, राजा माखीजा, आलोक बिंदल, सावन वर्मा, पारस वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपाईयों की उपस्थिति रही।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार तीसरा सप्ताह, रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
सुपरहिट... गीत एवं संगीत प्रधान चित्र
एम. माही फिल्मस् प्राडक्शन कृत
गुईया
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - अमलेश नागेश, हेमा शुक्ला, क्रांति दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, संगीता निषाद आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

RELEASING ON
DECEMBER
2023
अमलेश नागेश
गुईयाँ

silver SCREEN SILVER SCREEN Multiplex
29th Dec to 04th Jan 2023
Dunki - 12:00, 03:00 06:30 & 09:30 pm
Salaar - 12:00, 03:15, 06:00, 05:30 & 09:15 pm
Animal - 12:30 and 08:45 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

DUNKI
SALAAR
ANIMAL

मोदी सरकार के काले कानूनों के खिलाफ ड्राइवरों की मांग जायज-कांग्रेस

रायपुर (दावा)। मोदी सरकार के अधिनायकवादी फैसलों के विरोध में ड्राइवरों के हड़ताल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मन की बात करना और मनमानी थोपना केंद्र की मोदी सरकार का राजनीतिक चरित्र बन चुका है। निजी बीमा कंपनियों को मुनाफा पहुंचने के लिए जन विरोधी नीति थोपी गई है। वाहन चालक आर्थिक रूप से इतना सक्षम नहीं होते हैं, की 10 लाख रुपए का जुर्माना पटा सके गरीब ड्राइवर पर दोहरी मार केंद्र की मोदी सरकार के फैसले से पड़ने वाली है एक तरफ भारी भरकम जुर्माना, दूसरी तरफ7 साल जेल की सजा ऐसे में जब परिवार का कमाने वाला मुखिया एक ड्राइवर 7 साल के लिए जेल चला जाएगा तो उसके परिजनों का क्या होगा? उनका भरण पोषण कैसे होगा? केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा थोपे गए इस काले कानून से देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वाहन चालक वर्ग बुरी तरह से भयभीत है। दुर्घटना जानबूझकर नहीं होते नहीं होते, ऐसे में भारी भरकम जुर्माना और लंबी सजा का प्रावधान आम वाहल चालकों के सामर्थ्य से बाहर हैं, अमानवीय है, अव्यावहारिक है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र के मोदी सरकार लोकतंत्र को खत्म करने अमादा है। मोदी सरका को जब-जब जन विरोधी कानून पास करना होता है, तब-तब षडयंत्र पूर्वक बिल पेश करने से पहले विपक्ष दल के सांसदों को सदन से बाहर कर दिया जाता है। जिस तरह से कोविड काल में बिना चर्चा, बिना बहस के पूंजीपति मित्रों के मुनाफे के लिए एक-एक दिन में 12-12 श्रमिक विरोधी कानून पास किया, ठीक उसी तरह से विगत दिनों विपक्ष के सांसदों को षडयंत्र पूर्वक सदन से बाहर करके जन विरोधी काले कानून थोप दिए, उसी में से एक यह प्रावधान देश के गरीब वाहन चालकों के खिलाफ है। केंद्र की मोदी सरकार अहंकार छोड़कर गरीब ड्राइवरों की मांग पर तत्काल संज्ञान ले और नए कानून में संशोधन करें।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-5
446-4 560-1
राजधानी
6-7-8
138-2 499-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

प्रारूप छ - 3
(नियम 49-ग (3) देखिये)

सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मिनीमाता मतस्य सहकारी समिति मर्यादित, तेन्दुभाठा पंजीयन क्र. 608 जिला - राजनांदगांव

क्र./निर्वाचन/2024/02 **सूचना** दिनांक: 02/01/2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के मण्डल के सदस्यों के निर्वाचन दिनांक निकट भविष्य में सोसाइटी की विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है।

अतएव, सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी सोसाइटी राजनांदगांव संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय डोंगरगढ़, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की शाखा डोंगरगढ़ के सूचना पटल पर दिनांक 02/01/2024 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को, इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 03/01/2024 से 09/01/2024 तक सोसाइटी कार्यालय में श्री तरूण कुमार चंदेल / सालिकराम को सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। सदस्यों द्वारा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण, सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 11/01/2024 को दोपहर 12:00 बजे से किया जायेगा।

दावे एवं आपत्तियों के निराकरण की तिथि को सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे दावे/ आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जायेगी। यदि किसी सदस्य को कोई दावा या आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार दावों या आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा।

(आर.एस. नायक)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
मिनीमाता मतस्य सहकारी समिति
मर्यादित, तेन्दुभाठा पंजीयन क्र. 608

सिंघोला श्री चन्द्र मौलेश्वर महाकाल मंदिर में उमड़े श्रद्धालू

राजनांदगांव (दावा)। नए वर्ष की स्वागत के लिए जहां लोगों में उल्लास उत्साह का वतावरण बना रहा वही धर्म कर्म के कार्य करने में लोगों की रूचि बनी रही। नए साल 2024 की एक जनवरी को बड़ी संख्या में लोगों ने गायत्री शक्ति पीठ में जाकर वेदमाता गायत्री व कुण्डलिनी शक्ति सहित मां सावित्री के दर्शन किए व घर-परिवार की खुशहाली की दुआएं मांगी। इसी तरह शहर से 7 कि.मी. दूर बालोद मार्ग पर स्थित ग्राम सिंघोला के श्री चन्द्र मौलेश्वर बाबा महाकाल के धाम में नए वर्ष की सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। लोगों ने बाबा महाकाल की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर नए वर्ष की खुशहाली की दुआएं मांगी व बाबा महाकाल का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक होने परांत वैदिक मंत्रोचार के बीच पूजा-आरती में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और बाबा महाकाल की प्रसादी प्राप्त कर धन्य महसूस किये। इस दौरान बाबा महाकाल के मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े लोगों की व्यवस्था बनाने में समाज सेवी पवन डागा, राजेश डागा व अन्य जन जुटे रहे। एक जनवरी की सुबह से लेकर देर शाम रात तक यहां भक्तों की उमड़ी भीड़ से मंदिर का वातावरण धर्ममय बना रहा। वही मंदिर में पूजा के समय गुंजे शंख, घड़ियाल, मंजीरो की झनकार से लोग महाकाल की भक्ति से सरोबार रहे।

बाबा की भक्ति में झूमे श्रद्धालु

शहर में नया साल का दिन भाव-भक्ति से भरा रहा। उदयाचल रोड स्थित रामदेव बाबा मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी नया वर्ष का स्वागत भजनानंद संगीत से किया गया। इन्दौर से पधारे भजन गायक शुभम राणा ने ऐसा शमा बांधा कि लोग झूम उठे।

मंदिर के पुजारी शरद तवंर एवं कोमल तंवर के निर्देशन में बाबा के भक्तों द्वारा आयोजित उस भजन संध्या कार्यक्रम में रात्रि 8.30 बजे से बाबा के भजनों का ऐसा रंग बिखरा कि लोग देर तक भजन के आनंद में डूबते-उतरते रहे। देर रात तक चले भजनों के इस दौर में बाबा रामदेव के भक्तों ने बाबा के एक से बढ़कर एक भजनों का जमकर लुत्फ उठाया। बाबाजी की पूजा-आरती के बाद समाप्त हुए कार्यक्रम में अंत में नए साल में सबकी खुशहाली की कामना की गई।

गोल्डी डेथ केस में सात साल बाद एक्शन : इलाज में लापरवाही का मामला, अपोलो बिलासपुर के चार डॉक्टर गिरफ्तार

बिलासपुर। बिलासपुर सरकंडा थाना क्षेत्र के अस्पताल में इलाज में लापरवाही बरतने और सबूत मिटाने के लिए अपोलो अस्पताल में काम कर रहे चार डॉक्टरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मृतक गोल्डी छाबरा के परिजनों द्वारा अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था।

दरअसल 26 दिसंबर 2016 को अपोलो अस्पताल बिलासपुर से सरकंडा थाना में एक मेमो मिला था जिसमें आदर्श कॉलोनी दयालबंद कोतवाली थाना के रहने वाले गोल्डी उर्फ गुरवीन छाबडा पिता परमजीत सिंह छाबडा उम्र करीब 29 साल के द्वारा सल्फास पाईजनिंग से मौत होने के संबंध में था। जिस पर कोतवाली थाना में मर्ग कायम कर जांच किया गया।

जांच के दौरान मृतक के परिजनों ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने सहित गलत उपचार करने के संबंध में शिकायत की गई थी। वहीं मृतक का पोस्टमारट्म सिम्स अस्पताल से कराया गया।

पीएम रिपोर्ट पर जब्त प्रदर्शों की परीक्षण राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर से कराया गया। मृत्यु के संबंध में संभागीय मेडिकल बोर्ड छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट मिली। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा अपोलो अस्पताल प्रबंधन और संबंधित डॉक्टरों द्वारा इलाज के दौरान लापरवाही बरतने के संबंध में उल्लेख किया गया था। इस संबंध में डायरेक्टर संचालनालय मेडिकोलीगल संस्थान गृह (पुलिस) विभाग मेडिकोलीगल विशेषज्ञ और मेडिकोलीगल सलाहकार छत्तीसगढ़ शासन जेल रोड मेडिकल कालेज भवन रायपुर से 27.09.2023 को रिपोर्ट मिला।

रिपोर्ट में विशेषज्ञ द्वारा डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन द्वारा लापरवाही किये जाने के संबंध में अलग-अलग बिन्दुओं पर उल्लेख किया गया है। इस तरह मर्ग जांच, मेडिकल बोर्ड,विशेषज्ञ की जांच रिपोर्ट के आधार पर मृतक गोल्डी उर्फ गुरवीन छाबडा की मृत्यु इलाज के दौरान अपोलो अस्पताल प्रबंधन बिलासपुर व संबंधित डॉक्टरों की लापरवाही से होना पाये जाने पर सरकण्डा थाना में अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों द्वारा ईलाज में लापरवाही करने के संबंध में विवेचना के दौरान चार डॉक्टर जिसमें डॉक्टर देवेन्द्र सिंह, डॉक्टर राजीव लोचन, डॉक्टर मनोज राय व डॉक्टर सुनील केडिया द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने की बात सामने आई।

जिला साहू संघ ने मनाई पूर्व सांसद ताराचंद साहू, राधेचरण साव की जयंती

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ साहू संघ के निर्देश पर आज जिला साहू संघ द्वारा समाजरत्न, समाज के पुरोधा पूर्व सांसद स्व.ताराचंद साहू एवं जिला साहू संघ के आशीर्वादक संस्थापक सदस्य तथा पूर्व अध्यक्ष स्व. राधेचरण साव की जयंती समारोह पूर्वक साहू सदन में मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ भक्त संत शिरोमणि माता कर्मा की पूजा अर्चना, आरती गाकर की गई। तत्पश्चात सामाजिकजनों व पदाधिकारियों ने स्व. राधेचरण साव व पूर्व सांसद स्व. ताराचंद साहू के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्पांजलि दी गई। जयंती कार्यक्रम दौरान संगोष्ठी सभा का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए समाज के जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि 1 जनवरी को छत्तीसगढ़ में दो ऐसी शख्सियतों का जन्म हुआ। जिन्होंने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में दशा और दिशा दोनों ही बदल दी।

पहले शख्स ताराचंद साहू ने राजनीति के क्षेत्र में परचम लहराया तो दूसरे शख्स का राजनांदगांव जिले में समाज निर्माण करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राधेचरण साव को साहू समाज के जिला साहू संघ के संस्थापक सदस्य होने का गौरव प्राप्त है। संगोष्ठी सभा को महेश साहू, नोबल साहू ने भी संबोधित किया। इस सामाजिक जयंती आयोजन लयबद्ध संचालन नीलमणी साहू ने किया तथा कार्यक्रम का आभार व्यक्त जिला कोषाध्यक्ष नोबल साहू ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार दीपक साहू, जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू, शैलेंद्र साहू, डॉ. महेश साहू, महेश्वर साहू, नोबल साहू, देवलाल साहू, माधव साहू, सोहन साहू, छबीधर साहू, नीलकंठ साहू, मिलन साहू, मंथीर दास साहू,, खेमदास साहू, श्रीमती नीरा साहू, पूर्णिमा साहू, राजेश्वरी साहू, लीना साहू, गीता साहू, माया साहू, गिरजा साहू, मोतीम साहू, सुजाता साहू, अंजू साहू, किरण साहू, शोभा साहू, शोभा देवी, शीतल साहू, जयदीप साहू, जगमोहन साहू ,केवल साहू, तुलराम साहू आदि बड़ी संख्या में जिला साहू संघ के पदाधिकारी एवं मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला साहू संघ के मीडिया प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष अंकालू साहू ने दी।

o दोनों शख्सियतों ने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में दशा और दिशा दोनों ही बदल दी - भागवत साहू

ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट बॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

डोंगरगढ़(दावा)। मुस्कान क्रिकेट क्लब कारूटोला के तत्वाधान में परसदा क्रिकेट ग्राउंड ग्राम कारूटोला में सात दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रथम स्थान पर ग्राम खम्पुरा, द्वितीय स्थान पर ग्राम कारूटोला, तृतीय स्थान पर ग्राम बोरतलाव व चतुर्थ स्थान पर ग्राम चिरचारी विजेता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम कारुटोला के सरपंच आबिद खान, उपसरपंच शरदलाल चंद्रवंशी, भाजयुमो नेता परमानंद सेन, ग्राम प्रमुख साहूकार पटेल नोहर जुड़ा, टीकम, किशोर, वेद राकेश, जय, डकेश्वर एवं समस्त ग्रामवासी व सभी मुस्कान क्रिकेट क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

मोटर व्हीकल एक्ट में मोदी सरकार का संशोधन काला कानून - कुलबीर सिंह छाबड़ा

राजनांदगांव(दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने मोटर व्हीकल कानून में संशोधन को काला कानून बताया है। उन्होंने कहा कि वास्तविक परिस्थितियों, दुर्घटनाजन्य अलग-अलग कारणों को एक ही तराजू में तौलना सरासर अन्याय है। इस संशोधन को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने इस नए कानून को लेकर कहा मोदी सरकार काले कानूनों का लाने का सिलसिला जारी रखे हुए है। उनके असंगत निर्णय का नतीजा है कि नए साल के पहले दिन ही देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। आवश्यक वस्तुओं का परिवहन थम गया है। बस में सफर करने वाले लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए परेशान हो रहे हैं। देश भर में वाहन चालक केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने और हड़ताल करने मजबूर हैं।

प्रदर्शनरत वाहन चालकों, वाहन मालिकों को अपना समर्थन देते हुए कुलबीर सिंह ने कहा जिस तरह कृषि कानून लाकर किसानों को उकसाया गया, उन्हें अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने मजबूर किया गया। वैसे ही दोबारा मोदी सरकार ने हालात पैदा कर दिए हैं। देश को इससे होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। महंगाई से जूझता देश पहले ही हाशिए पर है और उस पर इस तरह के प्रदर्शनों से देश की रीढ़ टूट रही है जिसके लिए केंद्र सरकार ही सीधे तौर पर जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि दिन-रात एक कर, लगातार कई-कई घंटों और कई- कई दिनों तक गाड़ियां चलाकर वाहन चालक जनजीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने का काम करते हैं। वे अपने घरों से दूर एक सैनिक की तरह ठंडी, गर्मी, बारिश से जूझते हुए भी अपने कर्तव्य पर दृढ़ रहते हैं। मोदी सरकार ने इनके कल्याण के उपाय तो आज तक नहीं किए। अलबत्ता इन्हें 10 साल कारावास में डालने, 7 लाख का जुर्माना लगाने जैसे कानून लाकर उन्हें प्रताड़ित करने की तैयारी की जा रही है।

वाहन चालकों के साथ अन्याय कर रही केंद्र सरकार

हजारों दर्शनार्थियों ने प्रसादी भंडारा ग्रहण किया

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में नीचे मंदिर हनुमान मंदिर के सामने विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। हर वर्ष 1 जनवरी को मां बम्लेश्वरी आरती परिवार व बजरंग मंदिर एवं जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। मां बमलेश्वरी आरती परिवार, बजरंग मंदिर एवं जन सहयोग से यह भंडारा विगत 7 वर्षों से किया जा रहा है। मां बमलेश्वरी आरती परिवार के अध्यक्ष सतीशचंद देवांगन ने बताया कि लगभग 25 से 30 हजार दर्शनार्थियों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया।

मोदी सरकार के काले कृषि कानून की तरह ही साबित हो रहा है एमवी एक्ट में संशोधन : मदन साहू

राजनांदगांव(दावा)। मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन एक बार फिर मोदी सरकार का काले इरादे का दस्तावेज साबित हुआ है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कानून में एमवी एक्ट में संशोधन के खिलाफ वाहन चालकों के प्रदर्शन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश के वाहन चालक कड़ा संघर्ष कर रहे हैं। मोदी सरकार का कानून में ये नया संशोधन भी किसानों के लिए लाए गए काले कृषि कानून की तरह ही साबित हो रहा है।

वाहन चालकों का प्रदर्शन जायज, संशोधन निरस्त किया जाना चाहिए

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि आज तक वाहन चालकों को केंद्र सरकार की ओर से किसी तरह की योजनाओं का फायदा नहीं मिला है। अलबत्ता अब सरकार उन्हें 10 साल तक करावास में डालने और लाखों रुपए का हर्जाना भरने के लिए कानून लेकर आई है। सरकार जिसे दुर्घटना मान रही है उसमें वाहन चालक को ही दोषी ठहराना कहां तक उचित है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने परिस्थितिजन्य विषयों पर नहीं सोचा और ये नया कानून थोप दिया। जब सड़क पर कहीं कोई दुर्घटना होती है तो सौ मामलों में 90 बार आम जन बड़े वाहन के चालक को ही दोषी ठहराते हैं। ऐसी स्थिति में वाहन चालक मॉब लिचिंग का शिकार हो सकते हैं। आक्रोशित जनता कई बार वाहनों को आग के हवाले कर देती है। ऐसी ही कई तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती हैं। वाहन चालक के सामने अपनी जान बचाने की चुनौती होती है। मोदी सरकार को निशाने पर लेते हुए साहू ने कहा कि अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हमेशा ही आर्थिक और दूसरी व्यवस्थाओं को चोट पहुंचाई है। जीएसटी, नोटबंदी, कृषि कानून जैसे विषय लेकर सरकार ने देश को विकास की रेस में पीछे धकेल दिया। अब एमवी एक्ट में संशोधन कर सीधे बड़े वाहन चालकों को ही दोषी ठहराए जाने का एक तरफा परिणामों वाला कानून थोपा जा रहा है। यह संशोधन तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

देव संस्कृति विवि के कुलपति डॉ. पण्डया से की सौजन्य भेंट

राजनांदगांव(दावा)। रविवार को रायपुर एयरपोर्ट में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या का आगमन हुआ। इस अवसर पर हरीश गांधी सांस्कृतिक प्रभारी गायत्री स्कूल के साथ मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जुगल किशोर लड्ढा, रूपाली गांधी अदिति गांधी, मुरली चौधरी, प्रभात साहू, शालिग्राम साहू, धूलेश्वर साहू, आदर्श वर्मा, छग उड़ीसा प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, दिलीप पाणीग्रही आदि ने सौजन्य भेंट किए। इस अवसर पर श्री पंड्या ने राजनांदगांव गायत्री परिवार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नंदकिशोर सुरजन, जुगल किशोर लड्ढा के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन पहुंची ग्राम मोखला

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला पहुंची। मोबाईल वैन के ग्राम मोखला पहुंचने पर ग्रामवासी उत्साह एवं खुशी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समाज सेवी रोहित चंद्राकर, सरपंच श्रीमती अमरीका साहू, परदेशी साहू, उप सरपंच दुर्गेश साहू, पंच राम विलास साहू, वरिष्ठ नागरिक नारायण साहू, डोमार सिंह साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ ली। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। दिनचर्या में खान-पान एवं आहार में हरी साग-सब्जियों को शामिल करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनसामान्य को प्रधानमंत्री आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कृषि विभाग के स्टॉल में मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण किया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी की जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में शेडनेट हाऊस, राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल में कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं की देखरेख के लिए बताया गया। उद्योग विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के संबंध में जानकारी दी गई। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। हृदय रोग की रोकथाम, स्वस्थ जीवन हेतु संतुलित आहार के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में विशेष कर बुजुर्गों ने ब्लड प्रेशर का परीक्षण कराया। कार्यक्रम में खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लीड बैंक, आयुष विभाग, कृषि विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए।

श्रीमती रमशीला साहू ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत नल लग जाने पर पानी की दिक्कत नहीं होती। किसान यशवंत साहू ने बताया कि उन्होंने अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराया है, जिसमें उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद मिली और उपज में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड बहुत उपयोगी है।

0 बड़ी संख्या में जनसामान्य का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवाईयों का किया गया वितरण

0 प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं की दी गई जानकारी

0 खान-पान एवं आहार में हरी साग-सब्जियों को शामिल करने का दिया गया संदेश

वाहन चालकों के हड़ताल से पेट्रोल के लिए मारामारी, पेट्रोल पंपों में पेट्रोल खत्म

डोंगरगढ़ (दावा)। वाहन चालकों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल कर दिया गया है। जिसका सीधा प्रभाव आम जनता में पड़ रहा है। वाहन चालकों के हड़ताल से वाहन नहीं चलने से पेट्रोल पम्पों में पेट्रोल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पेट्रोल पम्पों में जितना पेट्रोल बाकी है उसे अर्जित करने में आम वाहन चालकों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोल पंप में भीड़ देखने को मिल रही है। शहर के चार पेट्रोल पंपों में दो पेट्रोल पंप शाम तक पूर्ण रूप से बंद हो चुके थे। जहां पेट्रोल नहीं होने की बात पेट्रोल पंप के कर्मचारियों द्वारा कही गई है शेष बाकी दो पेट्रोल पंपों में आम वाहन चालकों की लंबी कतारे व पेट्रोल लेने के दौरान आपस में झूमा-झटकी देखने को मिल रही है।

अनमोल दावा

> मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े एक स्वप्न टूटे, तो दूसरा गढ़े।

सम्पादकीय

नया साल : उम्मीदों पर दुनिया कायम है!

इसु का नया साल 2024 का सूर्य अनेक आशाओं, उम्मीदों की किरण लिए उदय हो चुका है। पिछले साल अनेक आघात भी हमने बर्दाश्त किए। महंगाई, बेकारी-बेरोजगारी के साथ चुनावों में राजनीति में हुआ अवमूल्यन भी हमनें देखा। सरकार और उनके राजनैतिक कार्यकर्ताओं का सार्वजनिक जीवन जनजीवन के सुख में उनका योगदान निराशाजनक रहा। प्रचार बढ़ रहा है। जनता किंकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में है।

जिन्दगी को तो फिर भी जीना है। सुख-दुख के चक्र का परिवर्तन भी शास्वत है। कोई भी विकराल रूप जिन्दगी के सामने आ जाए तो यह आश्चर्यजनक नहीं होगा। किन्तु मनुष्य के रूप में कभी एकलवीर होकर तो कभी एकता में रहकर हमने भीषण आपदाओं का भी पहले सामना किया है। कोरोनाकाल की विभित्षिका का मनोरंजन लिए अनुभव किया है। अब का मनुष्य जीवन चुपचाप बैठे रहने का नहीं है। कुछ न कुछ काम तो हर किसी को करना होगा। भले नगण्य सा मुनाफा हो या आय हो। दुनिया मंदी के कुचक्र में फंसी है। यूं तो बाजार में तेजी की हवा है। जिसका कारण, भारत सहित विश्व के अनेक देशों में चुनावी शंखनाद हो रहा है।

एक अकल्पनीय विषाद योग विश्व के अनेक देशों में कोरोना के पुन: आगमन को लेकर है। चीन में वैक्सिन तो बेअसर साबित हुई है। वहीं महंगी मौत का डिस्काउंट सेल चालू है। अनेक चिकित्सीय विशेषज्ञों ने तो पहले ही भविष्यवाणी की थी कि कुल पांच सालों के संशोधन के बाद ही कोरोना की असली वैक्सीन की शोध करना संभव होगा। तब तक जो भी औषधियां दी जाएगी, वह प्रयोगात्मक होगी। इसका अर्थ यह कि वर्तमान महामारी के अंतिम उपाय से मानव समाज अभी बहुत दूर है। सावधानी यही बरतनी है कि कोरोना के वेरियेन्ट के संक्रमण से बचने के तमाम नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। इसु के इस नए वर्ष में भी कोरोना का उपद्रव चालू रहने की संभावना है। जो जितना सावधान रहेगा, उतना कोरोना के जोखिम से बचा रहेगा।

एक नई यात्रा नए साल में बड़े जोश-खरोश, उत्साह-उमंग के साथ शुरू करनी है। जिन्दगी में अनेक प्रसंग आते हैं। यह चिरंजीवी रहे, सुन्दर रहे, स्वस्थ रहे व नीतिवान बनकर चरित्रवान भी रहे तभी परम सुख की हमें अनुभूती होगी। नए साल 2024 की असीम शुभकामनाएं।

गोल्ड में कैरेट के क्या हैं मायने

(शैलेंद्र सिंह)

सोना कैरेट में मापा जाता है, उसी मुताबिक उसकी कीमत और अन्य धातुओं की मिलावट तय होती है, शुद्ध सोना 24 कैरेट का माना जाता है जिसमें सोने की मात्रा 99.9 फीसदी होती है। यह कैरेट है क्या और इसके क्या हैं मायने जाने आप भी।

सोना पहनना वैभव का प्रतीक माना जाता है क्योंकि यह सब से महंगी और शुद्ध धातु मानी जाती है। इस कारण सोने की खरीदारी सभी करते हैं, वहीं, इस की शुद्धता को लेकर सवाल भी सभी के मन में रहते हैं। लोग सोचते हैं कि जो सोना खरीदा है उसमें कितनी शुद्धता है। सोने की शुद्धता तय करने का काम कैरेट करता है। शुद्ध सोना 24 कैरेट का माना जाता है जिस में सोने की मात्रा 99.9 फीसदी होती है। इसको ऐसे भी समझें कि सोने के मामले में कैरेट का इस्तेमाल उस की शुद्धता को मापने के लिए किया जाता है। अगर सोना 24 कैरेट है, मतलब इस में 99.99 फीसदी शुद्ध सोना है।

24 कैरेट सोने का इस्तेमाल ज्वैलरी बनाने में अब नहीं होता है, इसका इस्तेमाल सोने के सिक्के और ईंट बनाने में किया जाता है। सोने के सिक्कों की कीमत इसीलिए ज्यादा होती है। इसमें 99.9 फीसदी पूरी तरह शुद्ध गोल्ड का प्रयोग किया जाता है, गोल्ड बार यानी सोने की ईंट भी पूरी तरह शुद्ध 24 कैरेट से बनाई जाती है। जो लोग बचत के लिए सोने की खरीदारी करते हैं वे पूरी तरह से शुद्ध सोना ही खरीदते हैं। 24 या 22 कैरेट के गहने में वह कीमत नहीं मिलती जिस कीमत पर खरीदा जाता है। उसकी वजह यह होती है कि गहने की कीमत में उस की बनवाई और टांका भी शामिल होता है, जब कोई बेचने के लिए जाता है तो बनवाई और टांका काट कर बचे सोने का ही मूल्य मिलता है।

24 कैरेट सोना 99.9 फीसदी शुद्ध होता है, जबकि 22 कैरेट में सोने की शुद्धता 91.7 फीसदी होती है, वहीं, 18 कैरेट सोने की शुद्धता 75 फीसदी होती है। 14 कैरेट में सोने की शुद्धता 58.3 फीसदी होती है, 12 कैरेट में सोने की शुद्धता 50 फीसदी होती है, 10 कैरेट में सोने की शुद्धता 41.7 फीसदी और 9 कैरेट में सिर्फ 37.5 फीसदी सोने की शुद्धता होती है।

एक कैरेट 200 मिलीग्राम या 0.00643 ट्राय के बराबर द्रव्यमान की एक इकाई है, इसका प्रयोग रत्न और मोती को मापने के लिए किया जाता है। 1 कैरेट एक ग्राम के 1/5 या 0.200 ग्राम के बराबर होता है. सवाल उठता है, कैसे पहचानें कि सोना कितने कैरेट का है?

हालमार्क वाली ज्वैलरी पर हालमार्क का निशान और कुछ अंक जैसे 999, 916, 875 लिखे होते हैं। इन्हीं अंकों में सोने की शुद्धता का राज छिपा होता है। हालमार्क के निशान के साथ 999 नंबर वाले सोने की ज्वैलरी 24 कैरेट की होती है। 999 का मतलब इस में सोने की शुद्धता 99.9 फीसदी है।

पुरुषोत्तम दास घनश्याम दास ज्वैलर्स अमीनाबाद, लखनऊ के राम रस्तोगी कहते हैं, 'आज के दौर में ज्वैलरी पर होलमार्क लगा होता है, जिस से ज्वैलरी की शुद्धता की जानकारी होती है, इस बारे में ग्राहक को बता दिया जाता है कि ज्वैलरी कितने शुद्ध सोने से बनी है। हमारा खरीदार के साथ पीढ़ियों का रिश्ता होता है, यही कारण है कि ग्राहक उसी दुकान पर खरीदारी करता है जिस पर उसका भरोसा होता है। इस बिजनेस में दुकान का नाम ही शुद्धता की गारंटी माना जाता है, अब कई मशीनें भी आ गई हैं जो ज्वैलरी में सोने की शुद्धता की पहचान कर लेती हैं।'

सोने में कितनी बरकत साल 2003 में सोने का भाव 5,600 रुपए प्रति 10 ग्राम था जो कि 10 साल बाद 2013 में बढ़ कर 30,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया. आज यानी 2023 में इस का भाव प्रति 10 ग्राम 65,000 रुपए के लगभग है, यानी 20 साल में 59,400 रुपए का फायदा निवेशक या खरीदार को हुआ। आज से 20 साल पहले ही जमीनों के भाव भोपाल में औसतन प्रति एकड़ 50 हजार रुपए था जो कि अब 60 लाख रुपए से कम नहीं। 2013 में जमीनों का औसत भाव 10 लाख रुपए प्रति एकड़ था। जिन्होंने 10 साल पहले 10 लाख का सोना खरीदा वह अब 20 लाख का है जबकि जिन्होंने 10 लाख की जमीन खरीदी वह 60 लाख की है। जमीन खरीदने वालों को कम से कम 6 गुना ज्यादा जबकि सोना खरीदने वालों को सिर्फ दो गुना फायदा हुआ।

दिखावा और बचत एक साथ

ज्वैलरी खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप किस जरूरत के लिए उसे खरीद रहे हैं, आमतौर पर आज जिस तरह की ज्वैलरी का निर्माण हो रहा है वह 22 कैरेट गोल्ड पर बनती है। कुछ ज्वैलरी 18 कैरेट पर भी बनती है। 24 कैरेट पर ज्वैलरी बनाना सरल नहीं होता है क्योंकि यह सोना काफी लचीला होता है। ज्वैलरी के टूटने का खतरा रहता है, इसको बनाने में लाख का प्रयोग किया जाता है, जिससे इसकी बनी ज्वैलरी टूटे नहीं।

हमारे देश में ज्वैलरी की खरीदारी के 2 कारण होते हैं, पहला कारण शादी विवाह में इसका लेनदेन और इन उत्सव में इनको पहनना। दूसरा कारण यह होता है कि अगर जरूरत पड़े तो इन को बेच कर या रहन पर रख कर लोन लिया जा सके।

आज कई बैंक भी गोल्ड लोन देने का काम करते हैं, बचत के लिए सोने की खरीदारी करने वाले 24 और 22 कैरेट का सोना लेते हैं क्योंकि इस में रिटर्न अच्छा मिल जाता है। इस तरह से 24 और 22 कैरेट में बने गहने पहनने और बचत दोनों के काम आते हैं।

कम कीमत वाले सोने की ज्वैलरी

हर दौर में सोने की ज्वैलरी महिलाओं की सब से पहली पसंद रही है, अब समाज में महिलाओं की भूमिका बदल गई है, वे कामकाजी हैं जिससे सोने के भारी गहने नहीं पहन सकती हैं, एक तो भारी गहने काम करने में असुविधा पैदा करते हैं। दूसरे, उनके खोने या कई बार बदमाशों द्वारा उन्हें छीने जाने की घटनाएं भी होती हैं, ऐसे में सोने के वे गहने ज्यादा पसंद किए जाते हैं जो मजबूत और कम पैसे में मिल सकें। इनको पहनकर दिखावा तो होता है पर ये बचत के लिए ठीक नहीं रहते हैं।

अगर रोजाना पहनने या ऑफिस पहनकर जाने के लिए कोई आभूषण बनवाना है तो बेहतर होगा कि 18 कैरेट या फिर 14 कैरेट वाले सोने के गहने खरीदें, ये आभूषण 22 और 24 कैरेट वाले की तुलना में ज्यादा टिकाऊ होते हैं। इसी तरह, अगर आप ऐसी जगह आभूषण पहनकर जाते हैं जहां इस पर असर पड़ता है तो 14 कैरेट वाला ज्यादा बेहतर होगा, यह सस्ता होने के साथ ज्यादा टिकाऊ भी रहता है।

सोने में मिलावट

सोने के आभूषण में मिश्रण के लिए उन्हीं धातुओं का इस्तेमाल किया जाता है जो इस की चमक और क्वालिटी पर खास असर नहीं डालती हैं। 22 कैरेट सोने के साथ चांदी, तांबा और जिंक जैसी धातुओं का मिश्रण किया जाता है, जबकि 18 कैरेट वाले गहने में जिंक, तांबे के साथ निकल की कुछ मात्रा भी मिलाई जाती है। 14 कैरेट वाले गहने में 58 फीसदी सोना और 42 फीसदी चांदी, तांबा, जिंक और निकल जैसी धातुओं का मिश्रण किया जाता है।

-सरिता से साभार

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम 25 : शिष्यों ने गुरुकुल में सीखा आत्मनिर्भरता का पाठ

डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय

''क्या दुष्ट प्रवृत्ति के लोग भी इन अस्त्रों पर अपना नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं?'' लक्ष्मण ने पूछा।

''संभव है! वे अपनी प्रारंभिक साधना से इसे हासिल कर लें, लेकिन बाद में वे पथ भ्रष्ट हो गए तो इन अस्त्र-शस्त्रों के दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में उनकी शक्ति छिन जाती है। अगर दुष्टों को उनकी शक्ति से वंचित करने का कार्य नहीं हो सका,तो परिणाम भयंकर होता है।'' गुरु वशिष्ठ ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा।

''यह तो विनाश को जन्म दे सकता है गुरुदेव?'' भरत ने पूछा।

''इसमें चिंता की बात नहीं है भरत, क्योंकि इन दिव्य अस्त्रों को केवल मंत्रबद्ध करने से ही कोई सफल योद्धा नहीं हो जाएगा। जो सत्य और न्याय के लिए इन अस्त्रों का प्रयोग करेंगे, केवल वे ही अंतिम रूप से सफल होंगे,ऐसा मुझे दृढ़ विश्वास है। मुझे तुम सबसे इन अस्त्रों के प्रयोग को लेकर यही प्रबल आशा है।'' गुरु वशिष्ठ ने शंका निवारण करते हुए कहा।

''मैं समझ गया गुरुदेव! योद्धा के अस्त्र-शस्त्र सत्य, धर्म और न्याय की रक्षा के लिए ही उठते हैं।'' श्री राम ने उत्तर दिया।

गुरु वशिष्ठ अपने आश्रम में राजकुमारों को धनुर्विद्या, खड्गचालन, मल्ल युद्ध जैसी विधाओं का प्रशिक्षण देते हैं। संध्या काल में शिष्य संध्या वंदन के लिए तैयार हो जाते हैं। इसके बाद की ज्ञान चर्चा अनौपचारिक होती है। गुरु वशिष्ठ शिष्यों के संदेशों का निवारण करते हैं और उन्हें जीवनपथ की भावी चुनौतियां का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।

''महर्षि! कब तक इन बच्चों को पढ़ाते रहेंगे? अब भोजन का समय होने जा रहा है। इन्हें विश्राम दीजिए।'' गुरु माता अरुंधति ने पास आकर उलाहना दिया।

हंसते हुए गुरु वशिष्ठ ने कहा, ''मैं आपके संदेश की ही प्रतीक्षा कर रहा था। ये बालक आज की पढ़ाई से पहले ही मुक्त हैं। मैं तो इनके कुछ संदेहों और प्रश्नों का निवारण कर रहा था।''

पाकशाला के प्रांगण में सभी शिष्यगण पंक्तिबद्ध बैठ गए। यहां की व्यवस्था स्वचालित है। शिष्यों ने भोजन परोसने का कार्य स्वयं संभाला।यहां आश्रम में राजपुत्रों और अन्य शिष्यों में कोई भेद नहीं है। श्री राम समेत अयोध्या के राजकुमारों को कठोर अनुशासन और आत्मनिर्भरता का प्रारंभिक प्रशिक्षण गुरु के आश्रम में ही प्राप्त हुआ।रात्रि शयन से पूर्व राम गुरु के कक्ष में पहुंच गए। उन्होंने गुरु से सेवा की अनुमति मांगी और तब तक गुरु के पैर दबाते रहे, जब तक उन्हें नींद न आ गई।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है। श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों- युगों तक इसकी उपयोगिता है।श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

शब्द सामर्थ्य -291

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

1		■	2	■	3		4	
	■	5			■	■		■
6				■	7	8		9
	■		■	10			■	
■	11				■	12		
13		■	■	14	14ए		■	■
	■	15				■	16	■
	■		■		■	17		18
■	19			■	20			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 290 का हल

खा	म	खां	■	■	ई	■	■	■
स	ह	■	ब	र	सा	त	■	प
■	क	हा	नी	■	न	क	च	ड़ा
त	■	■	स्व	■	■	ली	■	ई
क	या	म	त	■	क	फ	न	■
दी	■	दां	■	बा	बू	■	ह	वा
र	ह	ना	■	ल	त	खो	र	■
■	वा	■	नौ	क	र	■	■	सा
भा	ई	■	का	■	■	बा	द	ल

सू- दोकू क्र.291

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.290 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

सामयिक चर्चा

अब भरोसा मोदी की गारन्टी पर

गृहस्थ गिरधारी आज
आते ही बोले - गजाधर !
बानी भैया से कहो
कि वो न पढ़े खबर,
बल्कि हमारे मन की पीड़ा सुने।
और उसे सीरियसली गुने।
पंद्रह साल भाजपा-राज में
हम सोचते थे, हमारे रसोई घर की
दशा कहीं अच्छी सुधरेगी।
उसका हालत, निश्चित बदलेगी।
पर भैया ! महंगाई बढ़ती रही,
और हमारी रसोई में
उसकी मार पड़ती रही।
उसके बाद आई कांग्रेसी सरकार ।
हममे भाव जगा था,
अब तो होगी हमारी हालत में सुधार।
पर विशेष कुछ सुधरी नहीं।
जिन्दगी हमारी,
दुक्खम-सुक्खम चलती रही,
अब अचानक पांच साल बाद
नये मुख्यमंत्री के साथ
फिर भारतीय जनता पार्टी आ गई।
कांग्रेसी भौचक रह गये।
और विरोधियों को
अपनी सरकार, पहले से अधिक भा गई।
तो अब क्या हमारी घर-गृहस्थी में
सुख-समृद्धि आएगी ?
'गजाधर ! आप बताएँ ?'
गजाधर मुस्कराए, बोले -
''आनी तो चाहिए भाई !
क्योंकि इस बार
मोदी की गारन्टी ने सरकार बनाई।''

गिरीश बख्शी

राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके।

मिथुन

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा । परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी को आप कोई नया कार्य शुरू करा सकते हैं।

कर्क

आज का दिन उत्तम रहने वाला है । करीयर को बेहतर बनाने के लिए किये गये प्रयासों से आपको लाभ होगा। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

सिंह

आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते है वह आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगे। लवमेट आज किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे, एक दूसरे पर विश्वास बढ़ेगा। आज रूका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी ।

कन्या

आज का दिन खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनात्मक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। जो लोग डांस सीखना चाहते है, वह सोशल मिडिया की मदद से सीखेंगे। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी।

तुला

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे अपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

वृश्चिक

आज का दिन खुशियाँ भरा रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति में मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज किसी अनजान व्यक्ति से दोस्ती करने से बचे, पहले उसके बारे में भली-भांति समझ लें। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सयोग करेंगे।

धनु

आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यों से भी पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी, इससे आपका विचार सकारात्मक बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोक्स बनायें रखें। अपनी समझदारी से बखूबी निभायेंगे।

मकर

आज का दिन आपके जीवन में खुशियाँ लेकर आया है। आज छात्रों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें ग़ौर से सुनें, भविष्य में आपके लिये फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है । कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

कुंभ

आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनायेगा। कार्यों में परिवार का सहयोग मिलेगा।

मीन

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे की धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। आपकी परफोर्मेंस बाकि लोगों से बेहतर रहेगी।

कहानी

भला बुरा

एक बच्चा था जो असमान्य था लेकिन मां बाप के लिये वह दुनियां का सबसे सुंदर बच्चा था। उसकी हर जिद्द को पूरी करने में एड़ी चोटी एक कर देते थे।

एक दिन ऐसी जिद्द करने लगा जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती थी मां बाप ने समझाने का अथक प्रयास किया। तब मां बाप को ही भलाबुरा कहने लगा।

उनकी इतनी बेज्जती करने लगा कि दूसरे लोगों को बीच बचाव करना पड़ा। ऐसा ही वाकया हमारे आस पास होते रहता है। कई लोग जिद्द और औरों की बुराई कर खुद को बड़ा मानने की प्रवृत्ति बदल नहीं पाते।

स्वयं को भला बुरा की समझ न होने पर यही प्रवृत्ति मन में पैदा होने लगता है।

गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3 राजनादगांव

पहला कॉलम...

मोदी सरकार ट्रक ड्राइवरों के लिए लाया गया काला कानून शर्मनाक- छन्नी साहू

छुरिया (दावा)। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा ट्रक ड्राइवरों पर जो मोटर वाहन अधिनियम लाया गया है जिस पर प्रतिक्रिया देते हुए खुज्जी विधानसभा पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि इस कानून के तहत 10 लाख जुर्माना व 10 साल की सजा देने का जो प्रावधान किया जा रहा हैं, वह शर्मनाक है व गरीब ड्राइवरों के भविष्य के लिए मौत से कम नहीं है, केन्द्र की मोदी सरकार अमीरों की सरकार इन्हें गरीबों के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहाँ कि, क्या मोदी सरकार देश के विभिन्न राज्य के शहरों मे बड़े-बड़े कारखानों व फैक्ट्रियों में चलने वाले वाहनों से जहाँ विभिन्न कारण से कई घटना होती है, जिसमें सैकड़ों की सख्या में व्यक्तियों की अनायास मृत्यु हो जाती है, इस पर श्रीमती साहू ने कहा भारत के लाखों करोड़ों गरीब लोग ट्रक बस में ड्राइवरी कर बमुश्किल अपने परिवार का पालन पोषण कर पाते है। ऐसे हालात में एक्सीडेंन्ट केस पर केन्द्र सरकार द्वारा उन पर 10 लाख रूपये का अर्थदंड व 10 साल का सजा का प्रावधान वाला कानून लाना शर्मनाक है, इसकी घोर निन्दा व विरोध करते है व केंद्र सरकार से इस कानून पर पुनर्विचार कर वापस लेने की मांग करती है।

जिला सदस्य बनकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया सिन्हा ने

जिला स्तरीय पत्रकार अधिमान्यता में डोंगरगढ़ को मिला स्थान

डोंगरगढ़ (दावा)। लम्बे अरसे से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योगदान दें रहे सोन कुमार सिन्हा को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार अधिमान्यता में जिला सदस्य बनाने पर डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल सहित पत्रकार साथियों ने खुशी व्यक्त कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग के द्वारा जिला व ब्लॉक पत्रकार अधिमान्यता समिति में राजनांदगांव जिले के अन्य ब्लाकों से पत्रकारो को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए गोवर्धन सिह ने बताया कि श्री सिन्हा अनेक वर्षो से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिंट मीडिया में देश व प्रदेश के मीडिया समूह से जुड़कर जन मानस की आवाज बनकर पीड़ित लोगों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे है। श्री सिन्हा को जिला सदस्य के रूप में मनोनित करने पर प्रेस क्लब डोंगरगढ के किशोर परमार, प्रणय अग्रवाल, अभिलाष देवांगन, कामेश साहू, निमेष सप्रेम जैन, सोमेश्वर सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा, भागवत नामदेव, दिनेश निषाद, जयदीप सिह, निर्मल महोबिया, राजू मस्करे सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी है।

गंडई थाना क्षेत्र के 6 जुआडियों से 2000 रु. जप्त

गंडई पंडरिया(दावा)। क्षेत्र में अवैध रूप से 52 पत्ती ताश खेल रहे जुआडियों को टाउन/देहात भ्रमण पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना के आधार पर ग्राम लिमों में दो जगह पर कुछ जुआडियान ताश खेल रहे है कि मौके पर गंडई थाना स्टाफ ने घेराबंदी कर ग्राम लिमो के शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल ग्राउड के बीचो-बीच एवं ग्राम ढ़ाबा बस्ती जाने वाले गली के पास जाकर रेड मारकर 52 पत्ती ताश पर हार-जीत का दांव लगाकर ताश खेल रहे जुआडियान खेमू पटेल पिता रामाधार पटेल उम्र 18 साल, राहुल रजक पिता स्व. केदार रजक उम्र 20 साल, मूलचंद पटेल पिता रामकिशन पटेल उम्र 20 साल निवासी लिमो को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनके पास से 52 पत्ती ताश एवं 1010 रू. जप्त कर जुआडियानों के विरूद्ध अपराध क्र. 01/24 धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत् अपराध दर्ज किया गया एवं जुआडियान तुलसी नेताम पिता कृष्णा नेताम उम्र 32 साल, पूरन धुर्वे पिता जयसिंह धुर्वे उम्र 20 साल, नरेन्द्र निर्मलकर पिता कुसुम लाल निर्मलकर उम्र 27 साल निवासी लिमो को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनके पास से 52 पत्ती ताश एवं 990 रू. जप्त कर जुआड़ियों के विरूद्ध अपराध क्र. 02/24 धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत् अपराध दर्ज किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये वार्डो में शिविर जारी

3 जनवरी को वार्ड नं. 18,19,23,44 व 45 में, 4 जनवरी को वार्ड नं. 47 एवं 5 जनवरी को वार्ड नं. 49 में

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 दिसम्बर से 17 जनवरी तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 3 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में, कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाडी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 4 जनवरी को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय मोहारा में एवं 5 जनवरी को मोहड वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय मोहड़ में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा।

निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

माता के दर्शन लाभ देने उमड़ी भक्तों की भीड़

प्रशासनिक स्तर पर की गई चुस्त दुरुस्त व्यवस्था

डोंगरगढ़(दावा)। साल के अंतिम दिन व वर्ष के प्रथम दिन मां बम्लेश्वरी देवी का दर्शन लाभ लेने भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शासन प्रशासन की ओर से चुस्त दुरुस्त व्यवस्था की गई थी। गत वर्ष की भांति इस बार भी पर्यटकों का उत्साह अधिक दिख रहा था। शनिवार शाम से ही सभी हिस्सों में पुलिस के जवानों की तैनाती शुरू कर दी गई थी। पुलिस के जवानों द्वारा पर्यटन स्थलों की भी विशेष निगरानी हो रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 250 जवानों को तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा सभी अधिकारी भी विशेष निगरानी करेंगे। नए साल के जश्न के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए 45 फिक्स पाइंट बनाए गए है, इसके अलावा 12 पेट्रोलिंग पार्टी भी चिन्हित हिस्सों में गश्त करेगी। पुलिस ने सभी इवेंट स्थलों में सीसी कैमरे लगाने की अनिवार्यता रखी है। वहीं इवेंट पाइंट में पर्याप्त रोशनी के साथ महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की हिदायत आयोजन समितियों को दी है। जिसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग शनिवार शाम से ही शुरू कर दी गई है। पुलिस ने हुड़दंगियों और शराब पीकर घूमने वालों पर भी कार्रवाई की तैयारी है। बाइक में तीन सवारी चलने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों सहित माहौल बिगाड़ने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए टीम को विशेष हिदायत दी गई है। आम लोग किसी तरह की अप्रिय घटना, छेड़खानी, मारपीट या अशांति फैलाने वालों की सूचना सीधे डॉयल 112 में दे सकते हैं। इसके अलावा पुलिस खुद ऐसे हिस्सों में पहुंचकर निगरानी करेगी। नए साल में घूमने-फिरने के ट्रेंड में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। यही वजह है कि दिसंबर के अंतिम दिन व वर्ष के प्रथम दिन मंदिरों और पर्यटन क्षेत्रों में घूमने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

नववर्ष की पूर्व संध्या तक लाखों लोगों ने माता के दर्शन किए

प्राप्त जानकारी के अनुसार नए साल की शुरुआत के पहले ही मां बम्लेश्वरी मंदिर में पांच दिन में ही पांच लाख से अधिक दर्शनार्थी पहुंच चुके हैं। छुट्टियों के दौरान दर्शनार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई। 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक पांच लाख से अधिक दर्शनार्थी डोंगरगढ़ पहुंच चुके हैं। मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए तैयारी पहले ही कर रखी है। इसके लिए पुलिस जवानों की ड्यूटी भी लगाई गई है। रविवार को डेढ़ से दो लाख व नए साल पर करीब दो लाख से अधिक की संख्या में भक्त जन माता के दरबार में पहुंचे। वर्तमान में मंदिर के पट सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक खुले रहते हैं।

रोपवे भक्तजनों के लिए सहारा बना

ऊपर मंदिर में पहुंच रही भीड़ को देखते हुए रोप-वे में अतिरिक्त ट्राली लगाई गई है। इसके बाद भी रोजाना भीड़ को देखते हुए टिकट लेने से लेकर रोप-वे में चढ़ने के लिए घंटों वेटिंग चल रहा है। रोपवे की सुविधा के चलते सभी उम्र के लोग माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक रोप-वे का संचालन होता है।

विभिन्न धार्मिक स्थान पर भक्तों की भीड़ उमड़ी

पर्यटन केंद्र के नाम से प्रसिद्ध डोंगरगढ़ क्षेत्र में मां बम्लेश्वरी मंदिर के अलावा बौद्ध अनुयायियों के आस्था का केंद्र, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध धर्म स्थल के नाम से प्रसिद्ध प्रज्ञा गिरी, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चंद्र गिरी जैन तीर्थ स्थल, प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर करेला भवानी मंदिर में भी पर्यटकों की भीड़ पहुंच रही है। इसके अलावा ईसाई समुदाय के आस्था का केंद्र कलवारी क्रूस पहाड़ी, प्राचीन बूढ़ादेव पहाड़ी में स्थित देव गण के दर्शन लाभ लेने भक्तों का तांता लगा रहा।

आरएसएस का सात दिवसीय आवासीय शीतकालीन वर्ग डोंगरगांव में संपन्न

0 80 प्रशिक्षणार्थियों ने वर्ग में लिया हिस्सा
0 योग, दण्ड चालन, अपरिग्रह और अनुशासन का सीखा पाठ

डोंगरगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला अंबागढ़ चौकी का सात दिवसीय आवासीय शीतकालीन प्रशिक्षण वर्ग, डोंगरगांव में संपन्न हुआ। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 23 दिसंबर से प्रशिक्षण वर्ग में संघ के दृष्टिकोण से अंबागढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी, छुरिया और डोंगरगांव खंड के 80 शिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।

इसके संदर्भ में व्यवस्था प्रमुख प्रेम गोस्वामी तथा सहप्रमुख जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्ण रूप से जनसहयोग द्वारा सात दिवसीय आवासीय वर्ग में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन होने वाले शारीरिक व्यायाम एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शिक्षार्थियों को गण में समता, दंड चालन, नियुद्ध और अनुशासन का अभ्यास किया एवं बौद्धिक कार्यक्रमों में सामाजिक समरसता, राष्ट्र सर्वोपरि, धर्म, संस्कृति की रक्षा एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्य एवं नागरिक कर्तव्य का जीवन में पालन करने का संकल्प लिया।

समापन कार्यक्रम में अतिथि सेवानिवृत डीआईजी रहे आर.एस.नायक मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत के सेवा प्रमुख अधिकारी अनिल श्रीवास्तव का प्रबोधन स्वयंसेवकों को प्राप्त हुआ। वहीं कार्यक्रम में जिला संघचालक चिंताराम नायक, विभाग के आर.डी.मानिकपुरी, अभय बाजपेई, जिला कार्यवाह अनुज तुलावी, वर्गाधिकारी राधेकिशुन पटेल, वर्ग कार्यवाह लक्ष्मण साहू, वरिष्ठ स्वयं सेवक दिनेश गांधी, सांसद संतोष पांडे, भरत वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, मुरलीमनोहर साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक, नगर व क्षेत्रवासी तथा मातृशक्ति ने अपनी गरिमामय उपस्थित दी।

अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा हमर सरकार, हमर द्वार - सांसद संतोष पांडे

छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रंगीटोला व पाटेकोहरा मे केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी विकासखंडों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार के सभी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया गया है, प्रथम पाली में 30 दिसंबर को दिन 10:30 बजे व द्वितीय पाली 3:30 बजे पाटेकोहारा में डिजिटल वैन का स्वागत अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने किया। दोनों स्थानों पर विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के मुख्यातिथि संतोष पाण्डेय, सांसद राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र व अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना उपाध्यक्ष जिला भाजपा, भरत वर्मा प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये मोदी जी की गारंटी है जो कहा वो कर दिखाया है, दो साल का बकाया बोनस 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस के अवसर पर भुगतान कर दिया गया है, जिससे राज्य के किसानों में उत्साह और उमंग दिख रहा है, कोरोना महामारी में लोगों को फ्री टीके लगवाए गए, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर गांव में पानी टंकी निर्माण कर सभी घरों मे पानी पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है, उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी ने संकल्प लिया है, कि इस विकासशील भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का जो सपना है, उसे शपथ लेकर संकल्प लिया दिलाया गया। इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण एसडीएम पुशाम साहब सहित चंद्रिका प्रसाद डडसेना, किरण वैष्णव, अजय पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर एसडीएम पुशाम, तहसीलदार श्री सिद्धिकी, जनपद सीईओ एस.के. ओझा, उमेश भगत बीएमओ मुख्य रूप से उपस्थिति रही।

इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि के आसंदी पर रविंद्र वैष्णव महामंत्री जिला भाजपा, अजय पटेल अध्यक्ष मंडल भाजपा, किरण वैष्णव अध्यक्ष जनपद पंचायत, छुरिया, सुरेंदर सिंह भाटिया, संजय सिन्हा महामंत्री, राधेश्याम शर्मा, जगजीत सिंह भाटिया, धन्ना यादव, मनीष त्रिपाठी, कांता साहू, कांति लाल, किरण साहू, नैनसिंग पटेल, भूखन धनकर, पलनी स्वामी नायडू, खिलेंद्र साहू, अतीश सिन्हा, खेदू राम, सोहन कुंजाम, पदम साहू, शिवा मिश्रा, श्याम सुंदर साहू, राजकुमार सिन्हा सहित ग्रामवासी व अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

बालोद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इस मड़ई सीज़न पूरे जिले में चलेगी यह 'साइबर मड़ई रथ'

बालोद (दावा)। नये साल के प्रथम दिवस पर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन व साइबर सेल प्रभारी जोगेंद्र साहू के नेतृत्व में साइबर सेल टीम बालोद के द्वारा 'साइबर मड़ई रथ' तैयार किया गया, जिसे पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया गया। इस मड़ई सीजन में बालोद जिले के गांव/शहरों में जहां-जहां मड़ई आयोजित होगी उन जगहों पर लोगों की उमड़ने वाली भीड़ को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए बचाव के तरीके बताये जाएंगे। पुलिस अधीक्षक के विचार अनुसार बालोद पुलिस द्वारा यह पहल की गई। लोगों में जागरूकता का अभाव होने के कारण आए दिन साइबर अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। साइबर अपराधी नए-नए तरीके से लोगों के साथ आर्थिक धोखाधड़ी कर रहें हैं।

सोशल मीडिया एप्स पर फेंक आईडी व अकाउंट हैक संबंधित शिकायते आ रही हैं, इन सभी रिपोर्ट के मद्देनजर साइबर क्राइम पर लगाम कसने लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर जिले को साइबर अपराध से मुक्त करने साइबर मड़ई रथ जिले में लगातार दौड़ेगी।

इस मड़ई रथ द्वारा दी गई जानकारी को देखें सुने और दुसरे लोगों तक साइबर अपराध से बचाव सम्बन्धी जानकारी को साझा करें, ताकि कोई भी साइबर अपराध का शिकार न हो। ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी होने पर टोलफ्री नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cyber-crime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है। आपका मोबाइल चोरी या गुम हो जाने पर सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल एवं पर्सनल डिटेल्स के साथ रिर्पोट दर्ज की जा सकती है।

साइबर मड़ई रथ के शुभारंभ पर डीएसपी सुश्री नवनीत कौर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पांडे, ट्रैफिक प्रभारी राकेश ठाकुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

अमलीड़ीह में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती

नवीन जैतखाम का जनपद उपाध्यक्ष ने किया लोकार्पण

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम अमलीडीह टप्पा में सतनाम समाज के द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। साथ ही सतनाम समाज के द्वारा नवनिर्मित जैतखाम बाबा गुरु घासीदास की निशानी का नरेंद्र वर्मा जनपद उपाध्यक्ष के हाथों लोकार्पण किया गया। सरपंच ओम बाई लीलाराम कंवर उप सरपंच नीतेश्वरी सिन्हा, बेदराम साहू ग्राम पटेल, पवन साहू, पंचगण कुंती बाई मारकंडे, उमा बाई साहू, संगीता बाई कंवर, किरण बाई सिन्हा, संतोषी बाई कंवर, नवीन साहू, बहुरा बाई निषाद, सावित्री यादव, केलो बाई कंवर, भिखारी राम, दिलीप सिंह, राधे सिंह, पुनाराम, रघुनाथ, सज्जू, जीवन महाराज, सरवन कोसरे, सुगंध बागवानी, जैतूराम, अमरदास, दिनेश कुमार, संतराम, पूनम, भुवनेश्वर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

जिले के 8 ग्राम पंचायतों में किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

मोहला (दावा)। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर से अरमानों को साकार करने का प्लेटफार्म साबित हो रहा है। इसके जरिये हितग्राहियों की हर आस पुरी हो रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर जीवन की धुरी बन रही है। इससे जीवन सँवर रहा है। कलेक्टर एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया गया है। विभागीय अधिकारियों के द्वारा जिम्मेदारी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन होने से ग्रामीण हितग्राहियों को बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। शिविर में हितग्राहियों का उत्साह देखने को मिल रहा है। एक ही मंच पर विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित होकर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। आज के शिविर में अधिकारीयों ने नागरिकगणों की जरूरत, समस्याओं, मांगो को सुनने के साथ ही नियमानुसार कार्यवाही किया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनेकों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से योजना से मिले लाभ और उनके जीवन में आये बदलाव के संबंध में जानकारी दी। एलसीडी प्रोजेक्टर वैन के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीति, योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की जानकारी को प्रदर्शित किया गया। माटी कहे पुकार के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से धरती की सुरक्षा करने और जैविक खेती को बढ़ावा देने की प्रस्तुति दी। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणजन के लिए कारगार साबित हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज 1 जनवरी को 8 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत कोटरा व ग्राम पंचायत कुसुमकसा में सुबह 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत ब्राम्हणभेड़ी व ग्राम पंचायत पेंदलकुही में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत ईरगांव में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत नेड़गांव में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया। इसी प्रकार विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत मजियापार में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत पेंदाकोड़ो में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी हेमंत ठाकुर, जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहकर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। मोहला अंतर्गत आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री कंचना वाल्दे, मानपुर अंतर्गत आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहम्मद हनीश खान, अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आयोजित शिविर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

आज बोदेला मंडई

तुमडीबोड़ (दावा)। तुमडीबोड़ समीपस्थ ग्राम बोदेला में 2 जनवरी को मंडई का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में झन भूलो मां-बाप ला धमतरी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख हिरामन साहू एवं दुष्यंत वर्मा ने क्षेत्र के आम जनों से आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है।

पहला कॉलम...

एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे, प्लेन का किराया भी कम होने वाला है!

नईदिल्ली। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में आंशिक कटौती की है. नए साल के पहले दिन कंपनियों ने 1.50 रुपये प्रति सिलिंडर की कमी की है. नई कीमतें आज यानी नए साल 2024 के पहले दिन से ही लागू हो जाएंगी. वैसे, घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है. इससे आम आदमी को सीधे तौर पर फायदा नहीं मिलेगा. घर के किचन में आने वाला सिलेंडर पुराने रेट पर ही मिलेगा. वैसे, उम्मीद की जा रही थी कि चुनावी साल लगते ही आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है. हां, वो भी चुनावी साल था. 1 जनवरी 2019 को 14.2 किलोग्राम गैर-सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतें काफी कम हो गई थीं. इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर मौजूद आंकड़ों के अनुसार, 1 दिसंबर 2018 को दिल्ली में एलपीजी का रेट 809.5 रुपये हो गया था, जो 1 जनवरी 2019 को घटकर 689 रुपये रह गया. इसी तरह से सभी मेट्रो शहरों में कीमतें घट गई थीं. तब दिल्ली में 120 रुपया प्रति सिलेंडर सस्ता हुआ था. हालांकि इस बार 2024 चुनावी साल लगने पर ऐसा नहीं हुआ.

शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी टूटे

मुंबई। साल के पहले दिन ही भारतीय बाजार में गिरावट देखने को मिली. सोमवार को स्टॉक मार्केट लाल निशान के साथ ओपन हुआ. एक जनवरी को सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुला. वहीं पिछले साल यानी 2023 के आखिरी कारोबारी हफ्ते में शेयर मार्केट में भारी उछाल बना हुआ था और ये उच्चतम स्तर पर कारोबार कर रहा था. इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया के की कीमत में भी गिरावट आई है. क्रूड ऑयल के दाम भी आज गिरे हैं.

2024 के पहले कारोबारी सत्र में बाजार लाल निशान के साथ ओपन हुआ और सेंसेक्स 101.17 अंक यानी 0.14 फीसदी गिरावट के साथ ओपन हुआ. शेयर बाजार के मुख्य इंडेक्स सेंसेक्स सोमवार को 72,139.09 अंक पर ओपन हुआ. जबकि निफ्टी 20.10 अंक यानी 0.09 फीसदी गिरकर 21,711.30 अंक पर खुला. वहीं सोमवार को निफ्टी में करीब 1815 शेयरों में बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि 595 शेयरों में गिरावट देखने को मिली.नए साल के पहले कारोबारी सत्र के पहले दिन निफ्टी कई कंपनियों के शेयरों में बढ़त देखने को मिली.

इमरान खान का नामांकन पत्र हुआ खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का आम चुनाव के लिए नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया है। इसको लेकर नेशनल असेंबली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान नामांकन पत्र भ्रष्टाचार के मामले में 'नैतिक अधमता' के अपराध में दोषी ठहराए जाने और अन्य कारणों से खारिज कर दिया गया। शनिवार को पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने 71 वर्षीय पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक और उनके कई वरिष्ठ सहयोगियों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए। आठ पन्नों के विस्तृत फैसले में, लाहौर की नेशनल असेंबली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर ने इस्लामाबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के फैसले का हवाला दिया। दरअसल, उन्होंने ही इमरान खान को नैतिक अधमता के अपराध में दोषी ठहराया है। तोषाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान को दोषी ठहराए जाने के मुख्य कारण के अलावा, उनके नामांकन पत्र के खिलाफ आपत्तियां उठाई गईं। हालांकि, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने खान की सजा को निलंबित कर दिया, लेकिन तोशखाना मामले में उनकी पांच साल की अयोग्यता अभी भी कायम है।

सरकार का न्यू ईयर गिफ्ट, छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ीं

नई दिल्ली । सरकार ने आज जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की घोषणा कर दी है। सुकन्या समृद्धि योजना में 0.20प्रतिशत और तीन साल के टाइम डिपॉजिट दरों में 0.10प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अन्य योजनाओं की दरों में बदलाव नहीं किया गया है।

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर में कहा गया है कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर मौजूदा 8 प्रतिशत से बढ़कर अब 8.2 प्रतिशत ब्याज दर लागू होगी। इसी तरह, 3 साल की सावधि जमा जिसपर मौजूदा समय में 7 प्रतिशत ब्याज दर है, वह बढ़कर अब 7.1 प्रतिशत कर दी गई है। केंद्र सरकार ने जनवरी-मार्च 2024 के लिए दो स्मॉल सेविंग्स स्कीम पर और अधिक ब्याज देने का फैसला किया है। इस प्रकार लगातार छठे तिमाही इन इंस्ट्रूमेंट्स पर ब्याज की दरों में इजाफा किया है।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट आज

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच केप टाउन में खेला जाएगा। इस बीच टीम इंडिया नए साल की सुबह केप टाउन पहुंच चुकी है। दोनों टीमों के बीच 3 जनवरी से 7 जनवरी तक दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा।

बीसीसीआई ने नए साल की पहली सुबह टीम इंडिया का केप टाउन पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में केप टाउन का हवाई जहाज से कुछ नजारा दिखाया गया है। इसके साथ ही भारतीय खिलाड़ियों की एक झलक भी दिखाई गई है।

मोहम्मद सिराज ने सभी को नए साल की बधाई दी है और कहा कि नए साल में इंजॉय करें। 3 जनवरी को आपसे मिलते हैं। इसके बाद वीडियो में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा भी नजर आए। टीम इंडिया यहां दक्षिण अफ्रीका से सीरीज बराबर करने उतरेगी।

बता दें कि सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बीच टीम ने एक पारी और 32 रन से जीत हासिल की।

भारत दक्षिण अफ्रीका की धरती पर 31 साल से कोई टेस्ट सीरीज में जीत हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में अब भारत दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज को बराबरी पर खत्म करना चाहेगा। इससे पहले टीम इंडिया नेट पर भी जमकर पसीना बहा रही है।

नए साल पर हवाई से फायरिंग में 11 लोग घायल

कराची। दुनिया के कई देशों में नए साल का स्वागत हर्षो उल्लास और आतिशबाजी के साथ हुआ। वहीं, पाकिस्तान में नए साल का आगमन गोलीबारी के साथ हुआ। देश के कई हिस्सों में नए साल के जश्न में हवाई फायरिंग की गई, जिसमें 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। समाचार एजेंसी एएनआई ने पाकिस्तानी न्यूज चैनल एआरवाई न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी है।

नए साल के स्वागत में हवाई फायरिंग करने वालों को कराची पुलिस ने मुकदमा चलाने की चेतावनी जारी की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बहादराबाद में हवाई फायरिंग में सात साल का एक बच्चा घायल हो गया। वहीं, चौरंगी में तीन,सीव्यू में दो और लियाकत अबाद एवं उत्तरी नाजिमाबाद में एक-एक व्यक्ति घायल हो गया।

कराची पुलिस प्रमुख खादिम हुसैन रिंद ने कहा कि नए साल की पूर्व संध्या पर हवाई फायरिंग करने वालों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा चलाया जाएगा।

हवाई गोलीबारी को रोकने के लिए उन्होंने तलाशी अभियान, बाजारों और मस्जिदों पर अधिसूचना और सोशल मीडिया पर रचनात्मक पुलिस कृत्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस बीच, कराची पुलिस ने हवाई फायरिंग और बंदूकों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाने या प्रदर्शित करने पर दो दिनों के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

जापान में भूकंप के झटके, सुनामी की चेतावनी जारी, सरकार ने कहा- अभी और खतरनाक मंजर आएंगे

नई दिल्ली। जापान में भूकंप के बीच दहशत का माहौल है. इसी बीच जापान ने देशभर में भूकंप को लेकर ताजा चेतावनी जारी की है. चेतावनी के अनुसार, इशिकावा, निगाटा, नागानो और टोयामा के प्रान्त को खतरे वाले जोन में चिन्हित किया गया है. बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन घंटों में मध्य जापान में 30 से अधिक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं, जिनकी तीव्रता 3.6 से 7.6 तक रही है.

जापान में स्थित भारतीय दूतावास ने भीषण भूकंप और सुनामी की चेतावनी के बाद भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन नंबर जारी किया है. ऐसे में जापान में भूकंप से प्रभावित भारतीय दूतावास द्वारा जारी इमरजेंसी नंबर पर संपर्क कर सकते हैं. बीबीसी ने स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि भीषण भूकंप के कारण इशिकावा प्रान्त में लगभग 32,500 घरों में बिजली गुल हो गई है. अधिकारियों ने बताया कि प्रान्त के कुछ हिस्सों में कई घर ढह गए हैं. भूकंप के केंद्र इशिकावा प्रान्त के बीच बुलेट ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया है. जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से खतरे वाली जगह को तुरंत खाली करने की अपील की है. साथ ही, सरकार के एक प्रवक्ता ने निवासियों को संभावित आगे के भूकंपों के लिए तैयार रहने के लिए आगाह किया है.

सोमवार को मध्य जापान में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप के बाद जापान, उत्तर कोरिया और रूस में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है. क्रेमलिन ने रूस के सुदूर पूर्व क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी की रिपोर्ट की पुष्टि की और कहा कि लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के लिए निकासी अभियान चलाया जा रहा है. रिपोर्टों के अनुसार, जापानी तटीय क्षेत्रों इशिकावा, निगाता और टोयामा में आई पहली सुनामी लहरें लगभग एक मीटर ऊंची थीं.

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक जापान में सुनामी की पहली लहर मध्य जापान के उत्तरी तट पर आई है. इसकी ऊंचाई 1 मीटर से अधिक बताई जा रही है.जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार 1.2 मीटर या चार फीट ऊंची लहरें स्थानीय समयानुसार शाम 4:21 बजे इशिकावा प्रान्त में वाजिमा बंदरगाह से टकराईं हैं. जापान के पश्चिमी क्षेत्र में 7.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं.

चमका सोना, चांदी की चमक पड़ी फीकी

नईदिल्ली। नये साल में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, जबकि चांदी की वायदा कीमतों में नरमी देखी गई। इसके वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 63,250 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। चांदी के वायदा भाव 74,350 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं।बीते साल सोने–चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी गई। नये साल के पहले कारोबारी दिन आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 22 रुपये की तेजी के साथ 63,225 रुपये के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 75 रुपये की तेजी के साथ 63,278 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 63,289 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 63,181 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले साल दिसंबर महीने में 64,063 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। सोने के उलट नये साल के पहले दिन चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरमी के साथ हुई।

डेविड वॉर्नर ने वनडे क्रिकेट से भी लिया संन्यास

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर ने अपने टेस्ट करियर के अंत के साथ-साथ वनडे क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी है।

डेविड वॉर्नर ने नए साल के पहले ही दिन वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज डेविड वॉर्नर ने आधिकारिक तौर पर वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वॉर्नर ने वर्ल्ड कप 2023 के दौरान 50 ओवरों के प्रारूप से संन्यास लेने पर विचार किया था। वॉर्नर ने कहा, मैं निश्चित रूप से वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले रहा हूं। यह कुछ ऐसा था जो मैंने विश्व कप के दौरान सोचा। भारत में वर्ल्ड कप जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। वॉर्नर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2025 चैंपियंसट्रॉफी का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा, मुझे पता है कि एक चैंपियंस ट्रॉफी आ रही है, और अगर मैं दो साल बाद भी अच्छा क्रिकेट खेलता हूं और उन्हें किसी की जरूरत है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा।

37 वर्षीय वार्नर ने खुलासा किया कि वनडे से संन्यास लेने का उनका फैसला भारत में विश्व कप जीत के बाद लिया गया था, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख रन-स्कोरर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

कबड्डी लीग : बेंगलुरु बुल्स ने तमिल थलाइवाज को हराया

नोएडा। यहां के स्टेडियम में रविवार को भरत का सुपर 10 एक बड़ा अंतर साबित हुआ, क्योंकि नोएडा इंडोर में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के मुकाबले में बेंगलुरु बुल्स ने दक्षिणी डर्बी में तमिल थलाइवाज को 38-37 से हरा दिया।

करीबी मुकाबले में मिली इस जीत के साथ बेंगलुरु बुल्स रविवार को साल का शानदार समापन करने में सफल रही।

जैसा कि पूरे मैच की रूपरेखा थी, मैच के पहले पांच मिनटों में यह एक करीबी बराबरी थी, क्योंकि उनके स्टार रेडर नरेंद्र ने थलाइवाज को बढ़त दिलाने के लिए मिले अधिकांश अवसरों का फायदा उठाया। स्कोर 10-7 होने पर बेंगलुरु बुल्स के पास मैट पर सिर्फ तीन डिफेंडर थे। हालांकि, इससे उन्हें सुपर टैकल हासिल करने का पूरा मौका मिला, क्योंकि लेफ्ट कवर पार्टिक ने अजिंक्य पवार की रेड को असफल कर दिया। इस संघर्ष ने प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखा, क्योंकि दोनों दक्षिणी प्रतिद्वंद्वियों ने खेल को बहुत करीबी बनाए रखने के लिए नियमित रूप से एक-दूसरे से अंक जीते। नरेंद्र ने पहले हाफ में थलाइवाज के लिए अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपनी टीम के लिए आधे से ज्यादा अंक जीते।

यह एक सुपर टैकल था, जिसने प्रतिद्वंद्वी रेडर पर शुरुआती पकड़ हासिल करने के बाद बेंगलुरु बुल्स को बचाया। लेकिन एक बार फिर, तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को पहले हाफ में आखिरी हार का सामना करना पड़ा, जब बुल्स के लिए भरत की असफल रेड ने थलाइवाज को ऑल-आउट अंक दे दिए, क्योंकि दूसरे 20 मिनट में स्कोर 20-17 हो गया। पहले हाफ के कुछ मिनटों में एक सुपर रेड ने बेंगलुरु की टीम को अपने प्रतिद्वंद्वियों से ऊपर कर दिया। स्टार बुल्स के रेडर विकाश कंडोला ने मोहित, साहिल गुलिया और एम. अभिषेक को एक ही बार में आउट कर दिया, क्योंकि खेल की उतार-चढ़ाव भरी प्रकृति कार्यवाही पर हावी रही। एक टीम का एक अंक दूसरे से नकार दिया गया। फिर, यह थलाइवाज ही थे, जिन्होंने अपने सामने आए सुपर टैकल अवसरों का भरपूर फायदा उठाया। सबसे पहले, विकास कंडोला को स्थानापन्न सागर ने रोका, और फिर बुल्स रेडर करो या मरो रेड में विफल रहा। इसके तुरंत बाद नीरज नरवाल को ईरानी अमीरहोसैन बस्तामी ने रोक दिया, क्योंकि थलाइवाज अंक लेकर भागने लगे। जब मैच एक तरफ झुकता दिख रहा था, तो एक और ऑल-आउट, जिसमें इस बार बुल्स के लिए कंडोला सफल रहा, का मतलब था कि खेल निश्चित रूप से अंतिम पांच मिनट तक जाएगा, फिर भी अंकों के आधार पर बराबरी होगी।

पेज 1 का शेष...

00 देशभर में लाखों ट्रकों-बसों के पहिये....

देश में ओला उबर और अन्य प्राइवेट वाहन चालकों को भी इस हड़ताल में शामिल होने की अपील की है। संगठन के मुताबिक, फिलहाल पहले दिन पूरे देश में जिस तरीके की हड़ताल का व्यापक असर हुआ है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार उनकी मांग जरूर सुनेगी। वह कहते हैं अगर ऐसा नहीं होता है तो आने वाले दिनों में संगठन और बड़े स्तर की रणनीति बनाकर पूरे देश में इस हड़ताल को आगे बढ़ाएंगे।

00 'अनुच्छेद-370 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान के मुताबिक'...

देश के इतिहास के आधार पर विविध दृष्टिकोण हैं और जो लोग पीठ का हिस्सा थे, उन्होंने फैसला किया कि यह अदालत का फैसला होगा। अदालत एक स्वर में बोलेगी और ऐसा करने का कारण यह स्पष्ट संदेश देना था कि हम सभी न केवल अंतिम परिणाम में, बल्कि फैसले में बताए गए कारणों में भी एक साथ हैं।

वकीलों की मर्जी से नहीं होगा पीठों का आवंटन

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी विश्वसनीयता बनाए रखेगा, अगर वह यह सुनिश्चित करे कि पीठों को मामलों का आवंटन वकीलों द्वारा संचालित न हो। वह उन आरोपों का जवाब दे रहे थे कि राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मामलों को सुप्रीम कोर्ट के खास जजों को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा, मामलों का आवंटन उस तरीके से होना चाहिए जो हम सुप्रीम कोर्ट में निर्धारित प्रणाली के अनुसार करते हैं। आपको अपने निर्णय लेने वालों पर विश्वास करना होगा।

मामलों के आवंटन के लिए अच्छी तरह परिभाषित ढांचे को रेखांकित करते हुए सीजेआइ ने कहा कि उन्हें रोस्टर के माध्यम से सौंपा जाता है, जिसके अनुसार विषय वस्तु को प्रधान न्यायाधीश के अधिकार के तहत अग्रिम रूप से मुद्रित किया जाता है। उन्होंने कहा, रोस्टर को अधिसूचित किया जाता है ताकि सब देख सकें। यह सार्वजनिक होता है। यह सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर होता है।

जज को किसी भी मामले पर निर्णय लेने का अधिकार

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के प्रत्येक जज को सीजेआई द्वारा सौंपे गए किसी भी मामले पर निर्णय लेने का अधिकार है। कोई भी वकील इस बात पर जोर नहीं दे सकता कि मेरे मामले का फैसला किसी विशेष जज द्वारा किया जाए। अगर कोई जज किसी मामले से खुद को अलग कर लेता है तो सीजेआई इसे फिर से किसी वरिष्ठ या कनिष्ठ जज को सौंप देते हैं।

00 फरवरी माह से महिलाओं को ...

वंदन योजना का लाभ महिलाओं को मिलने लगेगा। इसके लिए बजट में भी प्रविधान किया गया है। प्रदेश में जितनी भी माताएं-बहनें हैं, उनको विधिवत रूप से फार्म भरवाया जाएगा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने अनुपूरक बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 1200 करोड़ रुपए का प्रविधान किया है। इस योजना के माध्यम से सरकार प्रदेश की विवाहित महिलाओं को हर साल 12,000 रुपये देगी।

00 कांग्रेस ने लोकसभा सीट बंटवारे की सिरदर्दी...

मुकुल वासनिक, मोहन प्रकाश और सलमान खुर्शीद राज्य इकाईयों से चर्चा के बाद अपना आकलन तैयार कर रहे हैं और संभवतः चार जनवरी को शीर्ष नेतृत्व के साथ इस मुद्दे पर निर्णायक बैठक होगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ होने वाली राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सरीखे वरिष्ठ नेता भी इसमें मौजूद रहेंगे। इस बैठक के बाद कांग्रेस अलग-अलग राज्यों में आईएनडीआईए के दलों के साथ सीट बंटवारे को जमीन पर उतारने की कसरत में जुटेगी।

नीतीश को साधे रखने की कवायद में भी जुटी कांग्रेस

बिहार में लालू प्रसाद की राजद से बेहतर रिश्ते होने के बावजूद नीतीश कुमार के फिर से जदयू का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी की सियासी चुनौतियों में इजाफा हुआ है। ऐसे में पार्टी नीतीश को साधे रखने की कवायद में भी जुटी हुई है। वहीं, महाराष्ट्र के पार्टी नेताओं ने साफ कह दिया है कि राज्य में शिवसेना उद्धव गुट और एनसीपी पवार गुट के दो फाड़ होने के बाद महाविकास अघाड़ी गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है और इसलिए सीटों का बंटवारा भी वर्तमान राजनीतिक वास्तविकता के हिसाब से होना चाहिए। वैसे एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सूले ने सोमवार को महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों के बीच आपसी समन्वय से सीट बंटवारे का मामला 14-15 जनवरी तक सुलझा लिए जाने का बयान देकर यह संदेश जरूर दिया कि आईएनडीआईए महाराष्ट्र में एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगा।

पिछले एक साल में ईरान को भारत के निर्यात में गिरावट

नई दिल्ली। पश्चिम एशियाई अर्थव्यवस्था के रुपए के भंडार में गिरावट के बीच, पिछले एक साल से ईरान को भारत द्वारा निर्यात गिर रहा है। मामले से परिचित लोगों ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, भूराजनीतिक तनाव - रूस-यूक्रेन और इज़राइल-हमास संघर्ष और रूस और हमास के लिए पश्चिम एशियाई देश के समर्थन को देखते हुए, ईरान को निर्यात बढ़ाने की संभावना भारत के लिए आसान नहीं हो सकती है।

पिछले साल नवंबर से ईरान को निर्यात में गिरावट देखी गई। कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान, जनवरी-अक्टूबर के दौरान ईरान के लिए आउटबाउंड शिपमेंट लगभग 44 प्रतिशत घटकर 888 मिलियन डॉलर हो गया। गिरावट का मुख्य कारण बासमती चावल के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली चाय और चीनी, ताजे फल और अन्य खाद्य पदार्थ हैं।

कैलेंडर वर्ष के पहले 10 महीनों के दौरान बासमती चावल के निर्यात में 42 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 553 मिलियन डॉलर हो गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, निर्यातकों ने कहा कि तेहरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत द्वारा ईरान से कच्चा तेल खरीदना बंद करने के बाद से प्रमुख चुनौतियों में से एक रुपए का भंडार कम होना है। चूंकि ईरान के साथ भारत का व्यापार अब मुख्य रूप से गैर-स्वीकृत उत्पादों पर हावी है, इसलिए पश्चिम एशियाई देशों से आयात करने की क्षमता कम है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक (डी-जी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अजय सहाय ने कहा कि हमें यह देखने की जरूरत है कि हम गैर-स्वीकृत वस्तुओं, जैसे फार्मास्यूटिकल्स और कृषि उत्पादों को ईरान को कैसे निर्यात कर सकते हैं। भारत को इस पर ईरान के साथ बातचीत करनी चाहिए।

श्रम कानून का उल्लंघन करने पर नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस दोषी करार, छह महीने की जेल

ढाका । बांग्लादेश में श्रम कानूनों का उल्लंघन करने पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को दोषी ठहराया गया है। इसको लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि यह पूरी कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। अभियोजक खुर्शीद आलम खान ने कहा कि प्रोफेसर यूनुस और उनके तीन ग्रामीण टेलीकॉम सहयोगियों को श्रम कानूनों के तहत दोषी ठहराया गया हैं, जिन्हें मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई हैं।

लोगों को गरीबी से बाहर निकालने वाले माइक्रोफाइनेंस बैंक के लिए जाने वाले मुहम्मद यूनुस पर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने गरीबों के शोषण का आरोप लगाया है। अगस्त माह में बराक ओबामा और बान की मून सहित विश्व की कई हस्तियों ने यूनुस के न्यायिक उत्पीड़न की आलोचना की थी। इसको लेकर एक बार फिर बांग्लादेश में राजनीति तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 2006 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता के खिलाफ कई बार तीखे हमले किए हैं। शेख हसीना लगातार मोहम्मद यूनुस की आलोचक रही हैं।

पिछले वर्ष अगस्त माह में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबाम और पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून सहित 160 वैश्विक हस्तियों ने युनूस के खिलाफ की गई न्यायिक कार्रवाई को लेकर निंदा की थी। साथ ही कहा था कि उनकी सुरक्षा और स्वतंत्रता का डर हैं। आलोचक बांग्लादेशी अदालतों पर हसीना सरकार द्वारा लिए गए फैसलों पर मुहर लगाने का आरोप लगा रहे हैं।

2024 में दुनिया बहुत कुछ होगा नया

नया साल 2024 में हममें से कई लोगों ने कुछ नया करने के बारे में जरूर सोचा होगा. पूरी दुनिया के लिए साल 2024 कई मायनों में खास रहने वाला है. नए साल में आपको अंतरिक्ष में फिल्म स्टूडियो देखने को मिलेगा. वहीं, ऐसी दवा आने वाली है, जिससे कुपोषण खत्म हो सकता है.

चर्च में महिलाएं होंगी प्रीस्ट- कैथोलिक बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रीस्ट नहीं बनने देना चाहते हैं. लेकिन साल 2024 में केनन लॉ में भी बदलाव हो सकता है. इस कानून के तहत ही कैथोलिक चर्चा का काम चलता है. नए साल में मिनिस्ट्री में महिलाओं के लिए पद पर पोप फ्रांसिस अंतिम निर्णय ले सकते हैं. समलैंगिक विवाह को लेकर भी पोप फ्रांसिस कोई निर्णय ले सकते हैं. सायनॉड ऑन सॉलिडैरिटी का आखिरी सेशन अक्टूबर 2024 में वैटिकन सिटी में हो जाएगा. इसका उद्देश्य कैथोलिक नियमों में सुधार करना है.

कुपोषण खत्म करेगी दवा- बिल गेट्स फाउंडेशन एक दवा पर काम कर रही है, जो कुपोषण को खत्म कर देगी. कुपोषण को खत्म करने वाली दवा पर स्टेज-3 का ट्रायल हो रहा है. साल 2024 में इस दवा को इस्तेमाल करने के लिए ड्ड।ह्र की इजाजत मिल गई है. बता दें कि भारत में 43 लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषण का शिकार हैं. इस दवा का भारत को भी काफी लाभ मिलेगा.

फिर चांद पर इंसान- साल 2024 में नासा अपने 4 एस्ट्रोनॉट्स को चांद पर भेजेगा. इससे पहले 1972 में ,श्चश्चद्यद्यश-17 मिशन में नासा ने दो एस्ट्रोनॉट्स चांद पर भेजे थे. अब 52 साल बाद चांद पर इंसानों को भेजा जा रहा है. नासा के एस्ट्रोनॉट्स चांद के चारों और चक्कर लगाकर धरती पर वापस आ जाएंगे.

सुपर कंप्यूटर होगा लॉन्च- यूरोप का पहला एक्सा-स्केल सुपर कंप्यूटर 2024 में लॉन्च होगा. इस सुपर कंप्यूटर को जर्मनी के जुलिच शहर के नेशनल रिसर्च इंस्टिट्यूट में लगाया जाएगा. ये सुपर कंप्यूटर हर सेकंड 10 टु द पॉवर ऑफ 18 तक कैलकुलेशंस कर सकते हैं.

सबसे बड़ा स्पेसक्राफ्ट- अब तक का सबसे बड़ा स्पेसक्राफ्ट ष्ट्यद्बश्चश्चद्ग मिशन के लिए बनाया जा रहा है. इस स्पेसक्राफ्ट का वजन बिना ईंधन में 3241 किलोग्राम होगा. इस स्पेसक्राफ्ट की लंबाई एक बास्केटबॉल कोर्ट जितनी यानि 30 मीटर होगी. जुपिटर मिशन के लिए तैयार इस स्पेसक्राफ्ट पर 24 इंजन होंगे.

पेरिस में तीसरी बार ओलंपिक- साल 2024 में पेरिस दूसरा ऐसा शहर बन जाएगा, जहां तीसरी बार ओलंपिक खेल होंगे. अभी तक सिर्फ लंदन ही ऐसा शहर है, जहां 3 बार ओलंपिक खेल हो चुके हैं. पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में लगभग 76 हजार करोड़ रुपये का खर्च होगा. साल 2020 में टोक ?यो ओलंपिक में लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए थे.

100 साल बाद फ्रांस में ओलंपिक- साल 2024 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में ओलंपिक खेल होने जा रहे हैं. पेरिस में इससे पहले ओलंपिक खेलों का आयोजन 1924 में हुआ था. पेरिस ओलंपिक में 32 खेलों को शामिल किया गया है, जिसकी 306 प्रतियोगिताएं होंगी. पेरिस ओलंपिक में पहली बार 'ब्रेक डांस' की प्रतियोगिताएं भी देखने को मिलेंगी.

स्पेस में फिल्म स्टूडियो- साल 2024 में अंतरिक्ष में फिल्म स्टूडियों देखने को मिलेगा. इस अंतरिक्ष स्टूडियो का नाम स्श्वश्व-1 होगा. स्टूडियो के दिसंबर 2024 में तैयार होने की उम्मीद है. इसके बाद इस स्टूडियों में काम शुरू हो जाएगा. इस स्टूडियो में जमीन से 250 मीट ऊपर अंतरिक्ष में फिल्म की शूटिंग होगी. ये अनुभव कलाकारों के साथ-साथ दर्शकों के लिए भी बेहद अलग होगा.

यूरोपा पर जीवन की तलाश- जुपिटर के मून यानि यूरोपा पर जीवन की तलाश का मिशन अगले साल शुरू होने जा रहा है. ऐसा अनुमान है कि यूरोपा पर जीवन संभव है, यहां ऊर्जा और पानी के प्राकृतिक स्रोत मिल सकते हैं. नासा अक्टूबर 2024 में क्लीपर स्पेसक्राफ्ट लॉन्च करने जा रहा है. यूरोपा पर ऐसे ऊर्जा स्रोतों का अनुमान है, जो 400 करोड़ साल तक खत्म नहीं होंगे.

चांद पर पहली बार महिला- अगले साल इंसान चांद पर काफी फोकस रखने वाले हैं. विक्टर ग्लोवर चांद पर जाने वाले पहले अश्वेत शख्स बनने जा रहे हैं. चांद पर जाने वाली पहली महिला क्रिस्टियाना कोच बनने जा रही हैं. क्रिस्टियाना कोच को मिशन स्पेशलिस्ट माना जाता है. चांद पर जाने वाला ये स्पेसक्राफ्ट कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होगा.

दुनियाभर में नए साल के स्वागत की दिलचस्प परंपराएं

नया साल दस्तक दे रहा है और इसी के साथ दुनिया भर में इसके स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई हैं. नए वर्ष की पूर्व संध्या पर लोग जमकर जश्न मनाते हैं और पिछले साल की अच्छी बुरी बातों को भूलकर नए उत्साह से नए साल का स्वागत करते हैं. नए वर्ष का स्वागत दुनिया के अलग अलग देशों में अलग अलग तरीके से किया जाता है, लेकिन इनमें से कुछ तरीके बड़े ही दिलचस्प हैं. आइए जानते हैं कुछ ऐसे ही दिलचस्प तरीकों के बारे में.

गर्लफ्रेंड हो जाएगी खुश अगर नए साल पर आपने दे दिया ये वाला मस्त गिफ्ट, फिर हर दिन होगा आपका हैपी न्यू ईयर

नीदरलैंड में नए साल का स्वागत ठंडे पानी में डुबकी लगाकर किया जाता है. माना जाता है कि इससे आने वाला साल अच्छा गुजरता है. लोग बड़ी संख्या में समुद्र और झीलों के किनारे पहुंचते हैं और इस परंपरा को उत्साह से निभाते हैं.

सूटकेस के साथ

कोलंबिया के लोग नए साल का स्वागत करने सूटकेस लेकर निकलते हैं. उनका मानना है कि ऐसा करने से आने वाले साल में घूमने के ज्यादा मौके मिलते हैं. कोलंबिया के लोग घूमने के शौकीन माने जाते हैं.

फर्नीचर फेंकना

इटली में नए साल का स्वागत बड़े रोचक तरीके से किया जाता है. यहां के लोग खिड़की से फर्नीचर फेंक कर नए साल का स्वागत करते हैं. यह उनके लिए बुरी यादों से छुटकारा पाने का तरीका है.

गोल चीजें रखते हैं साथ

फिलीपींस में नए साल की पूर्व संध्या पर लोग अपने साथ गोल आकार की वस्तुएं रखना नहीं भूलते हैं. यहां तक कि अधिकतर लोग पोल्का डॉट वाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं.

आग में छलांग

इक्वाडोर में नए साल का स्वागत आग में छलांग लगाकर किया जाता है. यहां के लोग नए साल की पूर्व संध्या पर घर के बाहर बॉन फायर का आयोजन करते हैं और 12 बार उसमें कूदते हैं. वे इस आग में कागज और पुरानी तस्वीरें डाल देते हैं. इक्वाडोर के लोगों का मानना है कि इससे बुरी यादों से छुटकारा मिलता है.

नए साल पर भूलकर भी ना करें ये चीजें गिफ्ट

नए साल यानी कि 2024 का स्वागत करने के लिए तैयार है. नए साल को लेकर लोग ढेर सारे प्लान बनाते हैं, कई लोगों को पार्टी करना पसंद होता है, कई लोग घर वालों के साथ टाइम स्पेंड करते हैं, तो कई लोग एक दूसरे को गिफ्ट देकर अपनेपन का एहसास करते हैं. ऐसे में ज्यादातर लोगों का सवाल रहता है कि ज्योतिष या वास्तु के अनुसार हमें किन चीजों को किसी को गिफ्ट नहीं करना चाहिए ? तो आइए आज हम आपको बताते हैं 6 ऐसी चीजें जो आपको नए साल पर किसी को गिफ्ट नहीं करनी चाहिए.

अपने देश में लेना है लॉस वैगास जैसे न्यू ईयर का मजा, तो दिल्ली के इस मुगल गांव में पहुंच जाइए, पार्टी होगी जबर्दस्त

घड़ी या रुमाल

जी हां, नए साल पर अपने प्रियजनों को कभी भी घड़ी या रुमाल गिफ्ट नहीं करना चाहिए. कहते हैं कि इससे रिश्ते में नकारात्मकता बढ़ती है और गलतफहमी पैदा होने की संभावना भी बढ़ जाती है. वहीं, गिफ्ट में घड़ी देने से समय खराब होने लगता है.

नुकीली चीजें

नए साल पर अपनों को कभी भी नुकीली चीजें गिफ्ट नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे रिश्तों में चुभन पैदा हो सकती है. अगर कोई इस तरह की चीजें आपको गिफ्ट भी करता है, तो उसे कभी भी आपको अपने पास नहीं रखना चाहिए.

फुटवियर

नए साल पर आप किसी को भी जूते चप्पल या कोई भी फुटवियर गिफ्ट ना करें. कहते हैं कि जूते चप्पल देने से दरिद्रता आती है, ऐसे में कभी भी अपने प्रियजनों को इसका उपहार ना दें.

पर्स या बैग

सबसे यूजफुल गिफ्ट आइटम में पर्स और बैग होता है, जिसका इस्तेमाल लेडीज जेंट्स दोनों करते हैं. लेकिन नए साल पर आपको अपनों को कभी भी पर्स या बैग उपहार में नहीं देने चाहिए, क्योंकि इससे आप आर्थिक संकट से घिर सकते हैं और मां लक्ष्मी भी आपसे मुंह मोड़ सकती हैं.

भगवान की मूर्तियां

जी हां, नए साल के मौके पर सब चाहते हैं कि भगवान का आशीर्वाद अपनों पर बना रहे, इसलिए उन्हें भगवान की मूर्तियां गिफ्ट करते हैं. लेकिन ज्योतिष के अनुसार, नए साल पर किसी को भगवान की मूर्ति नहीं गिफ्ट करनी चाहिए, क्योंकि उनके रखरखाव और पूजा के खास नियम होते हैं.

मनी प्लांट

आजकल प्लांट्स देने का चलन भी बहुत ज्यादा है. लेकिन आपको कभी भी किसी को मनी प्लांट गिफ्ट नहीं करना चाहिए, ना ही किसी से मनी प्लांट गिफ्ट में लेना चाहिए, क्योंकि इससे आर्थिक तंगी का सामना आपको करना पड़ सकता है.३

नए साल में करें खास उपाय, सुख-समृद्धि और धन की होगी प्राप्ति

नया साल 2024 आ गया है. नया साल हर किसी के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आता है. हर कोई खुद को और खुद के लाइफ को पहले से अच्छा और सुखद बनाने की सोचता है. इसी वजह से हर कोई इसे लेकर बहुत ज्यादा एक्साइटेड रहता हैं. किसी भी तरह की तरक्की के लिए मेहनत करना तो बहुत जरूरी होता ही हैं. उसके बिना आपको कोई भी सफलता नहीं मिल सकती हैं. लेकिन अगर आप इस मेहनत के साथ कुछ खास धार्मिक उपाय करेंगे तो आपकी सफलता में चारचांद लग सकते हैं. आइए आपको बताते हैं नए साल के पहले दिन किए जाने वाले कुछ खास उपाय जिससे आपका साल 2024 और भी बेहतर बन सकता है.

साल 2024 के पहले दिन आप मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा कर सकते हैं. इससे माता आपसे प्रसन्न हो सकती हैं. मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने से आपको पूरे साल पैसों की कोई दिक्कत नहीं होगी. खास मौकों पर भी मां को याद करना ना भुलें. धन-धान्य, समृद्धि की परेशानी से जूझ रहे लोगों को माता की नियमित रूप से अराधना करनी चाहिए.

महादेव उपाय

नए साल 2024 का पहला दिन सोमवार है. ये एक अच्छा संकेत हैं कि साल की शुरुआत हफ्ते के पहले दिन से हो रही है. सोमवार का दिन खासतौर से महादेव का माना जाता है. इस दिन उनको याद करके पूजा करने से आपके उपर बाबा की कृपा होगी और आपकी सारी परेशानियां दूर होंगी. खास उपाय करने के लिए गंगाजल में काला तिल डालें और इससे भगवान शिव का जलाभिषेक करें.

साल 2024 की पहली मासिक शिवरात्रि 9 जनवरी को

साल 2024 शुरू हो चुका है. नए साल के आते ही लोगों को व्रत-त्योहारों की डेट जानने की उत्सुकता रहती है. ऐसे में जो लोग मासिक शिवरात्रि का व्रत रखते हैं उनके लिए इस साल की पहली मासिक शिवरात्रि बहुत खास होने वाली है.

हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है. शिवरात्रि भगवान भोले नाथ को समर्पित है. आइए जानते हैं साल 2024 की पहली मासिक शिवरात्रि की डेट, मुहूर्त और महत्व.

साल 2024 की पहली मासिक शिवरात्रि 9 जनवरी 2024, मंगलवार. ऐसा कहा गया है कि इस दिन व्रत करने से व्यक्ति का हर मुश्किल काम आसान हो जाता है. मासिक त्योहारों में शिवरात्रि का व्रत और पूजन का बहुत महत्व होता है.

मासिक शिवरात्रि 2024 मुहूर्त पंचांग के अनुसार 9 जनवरी 2024 को रात 11 बजकर 24 मिनट पर शुरू होगी और 10 जनवरी 2024 को रात 08 बजकर 10 मिनट पर खत्म होगी. शिवरात्रि शिव और शक्ति के संगम का एक पर्व है.

पूजा समय - प्रातः 10.01 - प्रातः 12.55 अवधि - 54 मिनट जनवरी 2024 की मासिक शिवरात्रि क्यों है खास शास्त्रों में प्रदोष व्रत और मासिक शिवरात्रि व्रत शिव के प्रिय माने गए हैं. मान्यता है कि जब प्रदोष और मासिक शिवरात्रि व्रत एक ही दिन आते हैं तो व्रती को इसका दोगुना लाभ मिलता है. 9 जनवरी को ऐसा ही संयोग बन रहा है. इस दिन शिव के निमित्त व्रत, पूजा, अभिषेक करने वालों पर सालभर भोलेनाथ की कृपा बरसेगी.

ड्राइवरों की हड़ताल से पेट्रोल पम्पों में लम्बी कतारें

○ साल का पहला दिन पूरे शहर में रहा पेट्रोल-डीजल के लिए ड्राई डे

○ पेट्रोल-डीजल के लिए भटकते रहे लोग...

राजनांदगांव (दावा)। सोमवार को साल के पहले दिन 1 जनवरी को ड्राईवरों की हड़ताल ने पूरे जिले सहित शहर को पेट्रोल-डीजल के मामले में ड्राई के बना दिया। लोग पेट्रोल डीजल के लिए भटकते नजर आए। शहर व आसपास के कुछ पेट्रोल पम्पों में सुबह से ही पेट्रोल-डीजल लेने वालों की भीड़ लग गई और एक डेढ़ घंटे बाद पूरा पेट्रोल ही खत्म हो गया। इसी तरह किसानी कार्य के लिए ट्रेक्टर आदि का उपयोग करने वाले किसानों के लिए आज का दिन पेट्रोल पम्पों का चक्कर काटने वाला दिन रहा। पेट्रोल पम्पों में डीजल की भी किल्लत रही। चाहे ट्रेक्टर चलाने वाले किसान हो या सवारी ने वाले आटो चालक क्यों न हो सबको डीजल के लिए मारामारी का शिकार होना पड़ा। सबसे ज्यादा दौड़ धूप स्कूल बसे के लिए हुई। उन्हें भी अपनी टंकी फूल करवाने के लिए एक पेट्रोल पम्प से दूसरे पेट्रोल पम्प में चक्कर लगाने पड़े। इसी तरह लोगों को मनसुखलाल पेट्रोल पम्प, अग्रवाल पेट्रोल पम्प, सिटी फ्यूलस, सोनी पेट्रोल पम्प, गौरीशंकर पेट्रोल पम्प, भाटिया पेट्रोल पम्प से लेकर पुलिस पेट्रोल पम्प में भी पेट्रोल के लिए परेशान रहे। दूध बेचने वालों ने शहर के कई पेट्रोल पम्पों में हाजिरी लगाकर कम से कम सुबह बांटने लायक एक-दो लीटर पेट्रोल का जुगाड़ किए। बहरहाल देखा जाए तो ड्राईव्हरों की हड़ताल के चलते पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर लोगों का चिंतित होना स्वाभाविक था। पेट्रोल खत्म न हो जाए इस डर से लोगों ने अपने वाहनों में ईंधन डलवाने इधर-उधर भाग दौड़ करने में ही समय गवाया इससे उनमें नया साल का उत्साह फीका रहा।

ड्राईवरों की हड़ताल

बता दे कि हिट एण्ड रन के मामले को लेकर केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून से ड्राईव्हरों में रोष उत्पन्न है। इसे लेकर छ.ग. ड्राईव्हर महासंगठन की ओर से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। तथा केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गये उक्त से सम्बंधित कानून को काला कानून ठहराते हुए सभी ड्राईव्हरों को कलेक्टर परिसर में एकत्रित होने का आह्वान किया गया था। इससे लोगों को भ्रम हो गया कि हीट एड रन के मामले में ड्राईव्हरों के लिए बनाए गऐ मोटर व्हीकट एक्ट का विरोध कहीं लम्बा न खींच जाए जिससे पेट्रोल-डीजल की किल्लत हो... लोगों ने अपने वाहनों में अतिरिक्त पेट्रोल डीजल भरानी शुरू कर दी। इससे कई पेट्रोल पम्पों में इंधन खत्म होने की स्थिति आ गई और दोपहर तक कई पेट्रोल पम्प वालों ने हाथ ही खड़े कर दिए जिससे कई लोगों को बगैर ईंधन भराए वापिस जाना पड़ा। इधर शहर के बस स्टैण्डों में यात्री ड्राईवरों के हड़ताल के चलते यात्री बसों के नहीं चलने पर लोगों को आवाजाही सम्बंधी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पेट्रोल पम्पों में वाहनों की कतारें

इधर पेट्रोल पम्पों में सुबह से ईंधन भराने वालों की भीड़ देखकर पेट्रोल पम्प वाले भौचक रह गए। जो वाहन चालक बामुश्किल एक-दो लीटर पेट्रोल-डीजल भरा पाते थे आज अपनी टंकी ही फूल करवा ले रहे थे। इससे पेट्रोल पम्प में जल्द ही ईंधन खत्म होने की स्थिति आ गई। शहर के पेट्रोल पम्पों के अलावा आसपास के पेट्रोल पम्पों में भी सुबह से ही पेट्रोल डीजल भरवाने वालों की लम्बी कतारे लगी रहने से ग्यारह बारह बजे तक पेट्रोल पम्प का स्टाक पूरी तरह खाली हो गया। इससे लोगों को दूसरे पेट्रोल पम्पों की चक्कर लगानी पड़ी, लेकिन वहां भी इसी तरह की स्थिति बनी रही। लिटिया स्थित श्री जलाराम फ्यूलस के संचालक ठक्कर ने बताया कि उनके यहां तो सुबह 7 बजे ही पावर पेट्रोल खत्म हो गया था। आलम यह था कि हर व्यक्ति अपना पेट्रोल टंकी फूल कराना चाहता था। अतः उन्हें देख-देख कर पेट्रोल-डीजल सर्व कराया गया। उन्होंने बताया कि उनके पेट्रोल पम्प में रोजाना 1500 लीटर पेट्रोल की खपत होती है लेकिन नए साल में यह ढाई से तीन हजार लीटर हो गया। स्थिति यह रही कि स्टाक के लिए कम से कम एक हजार लीटर रखने के लिए उन्हें मशक्कत करनी पड़ी नहीं तो इंजन बंद हो सकता था। लिहाजा उन्हें आज वाहन चालकों की हुज्जत झेलने में समय बिताना मजबूरी रही।

क्या कहना है ड्राईवरों का

बता दे कि केन्द्र सरकार द्वारा हिट एण्ड रन के मामले में जो नया कानून बनाया गया है उसमें वाहन चालक द्वारा एक्सीडेन्ट करने पर घायल को अस्पताल पहुंचाना जरूरी है। यदि नहीं ले जाया गया तो चालक की लापरवाही के लिए 10 साल की सजा व 7 लाख रूपए जुर्माना है। नए मोटर व्हीकल एक्ट का उन्ही बातों को लेकर ड्राईव्हरों द्वारा विरोध किया जा रहा है व कह जा रहा है कि यदि कोई उनसे इस तरह की घटना हो भी गई तो एक गरीब वाहन चालक 7 लाख रूपए जुर्माना कहा से भर पाएंगे। 10 साल की जेल का प्रावधान उसके परिवार को बर्बाद कर के रख देगा।

ड्राईवर ने कहा कि वैसे भी इस तरह की घटना जानबूझकर नहीं होती। यदि किन्हीं कारणों वश एक्सीडेन्ट हो भी गया तो ड्राईवर के नहीं भागने पर एकत्रित भीड़ ही उसे पीट-पीट कर मार डालेगी। इसी तरह उक्त भय से चालकों को मौके से भाग कर जान बचानी पड़ती है। ऐसे प्राण रक्षा के सवाल पर हीट एंड रन का मामला बना कर 10 साल की सजा व 7 लाख का जुर्माना किया जाए यह बिल्कुल ही नाइंसाफी है। इसमें संशोधन किया जाना जरूरी है नहीं तो गाड़ी की चांबी वाहन मालिकों को सौंप कर खेती किसानी कर घर-परिवार को पालने की जिम्मेदारी उठाएंगे।

सीएम विष्णुदेव ने प्रदेशवासियों को दी नये साल की बधाई और शुभकामनाएं, कहा- हर वादा करेंगे पूरा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नया साल 2024 की बधाई और शुभकानाएं दी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों से कहा कि नया वर्ष लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। नया साल नई उम्मीदें लेकर आता है। छत्तीसगढ़ में नयी सरकार प्रदेशवासियों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा के साथ आई है। सीएम ने कहा कि हम प्रदेश की जनता से किए हर वादे को पूरा करेंगे।

सीएम साय ने कहा कि हमने सरकार बनते ही गरीबों के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया। हम गरीब भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना भी देंगे। विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर माह 1000 रूपए देने का प्रावधान भी अनुपूरक बजट में कर दिया है। अब माताओं, बहनों के खाते में साल में 12000 रूपए आएगा। छत्तीसगढ़ का विकास हमारी प्राथमिकता है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के ध्येय वाक्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता से किया हर वादा हम पूरा करेंगे। नया वर्ष सबके जीवन में नई उमंग और उत्साह लेकर आए।

0 'मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पित'

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छत्तीसगढ की जनता को दी गई मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुझे खुशी है कि पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसम्बर को जन्म दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो वर्ष के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण कर दिया गया है।

नव वर्ष की जमकर बिखरी खुशियां... धूमधाम से किया गया नए वर्ष 2024 का स्वागत

○ नए वर्ष 2024 की स्वागत में फोड़े गए फटाके

○ मंदिरों में रहा श्रद्धालुओं का रेला... पर्यटन स्थलों में नववर्ष की खुशियां बानाने वालों की रही भीड़

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित अंचल भर में लोंगों में नए वर्ष 2024 के स्वागत की खुशियां देखी गई। उक्त हर्षोल्लास 31 दिसम्बर की रात से ही नजर आने लगा था। खास कर युवा पीढ़ी के लोगों ने देर रात तक जागकर डीजे की धुन में नाच-गाकर जश्न मनाते हुए सन 2023 की बिदाई दी वही घड़ी का कांटा 12 बजे में आने के साथ खूब पटाके फोड़ कर नये वर्ष 2024 का स्वागत किया। इस दौरान लोगों में मौज-मस्ती का माहौल बना रहा। लोगों ने नए साल के स्वागत में गीत भी गुनगुनाए और उल्लास व्यक्त करते हुए झूमते नाचते नजर आए।

नववर्ष का बिखरा उल्लास

बता दे कि रविवार की रात घड़ी में जैसे ही 12 बजे शहर सहित अंचल भर में नए साल की खुशियां बिखर पड़ी। सबने अपने-अपने तरीके से नए वर्ष 2024 का स्वागत किया। चौक चौराहों में युवाओं एवं बच्चों ने फटाके फोड़े और गानों के धुन में नाचते झूमते हुए नए साल की खुशी में हर्षोल्लास व्यक्त किए। नए साल के उपलक्ष्य में लोगों ने चौक-चौराहो की रंगीन गुब्बारों से सजावट की थी। बच्चे-युवाजन एवं बड़े बूढ़े सहित महिलाओं ने भी नए वर्ष के स्वागत में एक-दूसरे को हैप्पी न्यू इयर कहते हुए नए साल की बधाई एवं शुभकामनाए दी व मुंह मीठा भी कराया गया। नए वर्ष के कारण बाजार में भी नई चीजे सहित मिठाई आदि खरीदने लोगों की भीड़ रही। होटल रेस्टोरेन्ट हलवाई दुकानों में मिठाईयां जमकर बिकी। लोगों ने नए वर्ष में एक-दूसरे का न केवल मुंह मीठा कराने मिठाई खरीदी देवी-देवता को अर्पित करने के लिए भी मिठाईयां ली।

मंदिरों व देवालय में रही भीड़

लोगों ने नव वर्ष का स्वागत फटाके फोड़ कर या डीजे की धुन में नाच गाकर हर्षोल्लास मनाते हुए किया, वहीं कई लोगों ने नए साल का स्वागत मंदिरों में जाकर देवी दर्शन कर किया। सोमवार 2024 का शुरूआत लोगों ने अपने घरों में पूजा-पाठ के साथ किया, वहीं शहर की अधिष्ठात्री देवी माता शीतला, गायत्री शक्तिपीठ का मां गायत्री, बर्फानी सिद्ध पीठ का माता पाताल भैरवी, दक्षिण मुखी, हनुमान मंदिर, बागेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सपरिवार जाकर दर्शन किए व मत्था टेक कर अपने घर-परिवार की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। कई लोगों ने नए वर्ष के दिन होटल-रेस्टोरेन्ट में जाकर नए साल को सेलिब्रेट करते हुए स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इधर नए साल में डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जिले के धार्मिक स्थल मां दंतेश्वरी, मां देश फिरतीन (अं. चौकी), भंडारपुर, करेला की माता भवानी, सिंघोला की माता भानेश्वरी सहित शहर के चरण पादुका मंदिर पेंड्री में भी नए वर्ष में श्रद्धालुओं का ताता रहा।

पर्यटन स्थल रहे गुलजार

नए साल 2024 की खुशिया पर्यटन स्थलों में भी बिखरी दिखाई दी। लोगों ने शहर से दूर-खरखरा बांध (बालोद), गंगरेल बांध (धमतरी), गोदली जलाशय से लेकर जिले के मोंगरा जलाशय (अं. चौकी), छिदारीबांध, बेतालरानी घाट (खैरागढ़) सहित साल्हेवारा के कई पिकनिक स्थल जिले के वन चेतना केन्द्र मनगटा के अलावा रायपुर के नंदन वन, मैत्रीबाग आदि जगहों का सैर कर नए वर्ष की खुशियां मनाई और नजदीक होटल रेस्टोरेन्टों के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इन स्थानों में नए वर्ष का उत्साह-उल्लास मनाने वालों की काफी भीड़ रही। वन चेतना केन्द्र मनगटा में तो नए वर्ष पर मनगटा महोत्सव का ही आयोजन किया गया था। इसमें पर्यटकों के मनोरंजन के लिए कई तरह की व्यवस्था की गई थी। यही पर्यटकों के लिए लगाए गए झूले व स्टाल आकर्षण का केन्द्र रहा।

वही 100 की संख्या में खोले गए रिसोर्टों की पहले से बुकिंग होने से पूरा वन चेतना केन्द्र मनगटा पर्यटकों के आने से खासा गुलजार रहा। यहां नव वर्ष की जमकर खुशियां बिखरी रही। समाचार लिखे जाने तक शहर सहित पूरे अंचल भर में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था होने के कारण नववर्ष मनाते समय किसी प्रकार की अनहोनी व दुर्घटनाएं की खबर नहीं है। साल का नया दिन खुशी-खुशी बीता लोगों ने नए वर्ष की जमकर खुशियां मनाई व एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाए दी।

बाकल रेत खदान मामले में खनिज विभाग व जिला प्रशासन को नोटिस

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ शिवनाथ नदी किनारे स्थित ग्राम बाकल में रेत खदान को नियम विरुद्ध बंद करने के मामले में जिला प्रशासन और जिला खनिज अधिकारी आगामी आठ जनवरी को राजधानी रायपुर तलब किए गए हैं। सारे कानूनी कागजात रहने के बावजूद अधिकारियों द्वारा रेत खदान बंद करा दिए जाने से खदान संचालक को ही नहीं, बल्कि राज्य शासन को भी भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ा है।

खदान संचालक दुष्यंत दास ने बताया कि बाकल रेत खदान मामले में उनके पास खदान संचालन के लिए सारे कानूनी कागजात रहने के बावजूद जिला खनिज अधिकारी और जिला प्रशासन ने खदान बंद करा दिया। इसकी वजह से संचालक को भारी भरकम नुकसान उठाना पड़ा है। शासन को भी राजस्व का भारी नुकसान हुआ है। इसके जवाबदार उक्त दोनों अधिकारी तो हैं ही, कोर्ट के आदेश की कॉपी होने के बावजूद रेत खदान संचालन के लिए संचालक को सुरक्षा मुहैया नहीं कराने के लिए थाना प्रभारी बसंतपुर और जिला पुलिस अधीक्षक भी जवाबदार हैं। आने वाले समय में उनके विरुद्ध भी ऊपर तक शिकायत की जा सकती है। दूसरी तरफ रेत सहित अन्य गौण खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन और अवैध डंपिंग से जमकर मुनाफाखोरी पर खनिज विभाग लंबे समय से धृतराष्ट्र बना हुआ है। ऐसी स्थिति में जिले में ग्रामीणों सहित नागरिकों को अपने घरेलू विकास निर्माण कार्यों में सस्ती दर पर रेत सहित अन्य खनिज मिल नहीं पा रहे हैं।

खदान संचालक के पास 2054 तक का पट्टा

उल्लेखनीय है कि शिवनाथ नदी में बाकल स्थित रेत खदान (मेसर्स बाकल रनर मोल्डिंग सेंड माइन) की संचालक श्रीमती अर्चना दास हैं, जिनके मुख्तियार दुष्यंत दास निवासी वर्धमान नगर हैं। इन्हें वर्ष 2004 से 2054 तक के लिए शासन से खनि पट्टा मिला हुआ है। राजनांदगांव तहसील व जिले के इस गांव में इनके रेत खदान का खसरा नंबर 406 का भाग रकबा 4.85 हे. है। इसके अनुसार ही जिला खनिज अधिकारी द्वारा ई-ट्रांजिट पास जारी किया गया है और लीज होल्डर को रेत उत्खनन व परिवहन की अनुमति प्रदान की गई है। इस हेतु पट्टा धारक को उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ शासन मेंरिट पीटिशन क्रमांक 814/ 2022 में 17 फरवरी 2022 को आदेश पारित किया गया था, जिसे खनिज विभाग को प्रस्तुत भी किया गया था।

ग्रामीणों ने किया था आंदोलन

बाकल रेत खदान के संचालक व उनके मुख्तियार दुष्यंत दास ने ग्रामवासियों के साथ हमेशा सहयोग की भावना रखी है। धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा सहयोग किया है। रेत उत्खनन परिवहन में ग्रामीणों को सड़क मरम्मत करके भी देते रहे, ताकि उनको भी खेत-खलिहान और नदी तक आदि जाने-आने में असुविधा न हो। इसके अलावा पेयजल की समस्या होने पर शासन-प्रशासन का ध्यान भी खींचा और उसका समाधान भी कराया। बावजूद इसके कुछ विघ्न संतोषियों के बहकावे में आकर ग्रामीणों ने खदान बंद कराने की मांग को लेकर आंदोलन किया था और खदान को बंद करा दिया। जिससे खदान संचालक को भारी आर्थिक क्षति झेलनी पड़ी, बल्कि मानसिक रूप से परेशान होना पड़ा।

खदान संचालक के मुख्तियार दुष्यंत दास ने बताया कि छह महीना पहले कोर्ट ने आदेश दिया था, जिसे कोई नहीं मान रहे हैं, तब कलेक्टर और खनिज अधिकारी को शासन से कारण बताओ नोटिस भेजी गई। उसके बाद उन्होंने खनिज डायरेक्टर शासन के डिपार्टमेंटल संचालक को ठीक-ठाक जवाब नहीं दिया। उन्हें भ्रम में डाला गया, अब आगामी आठ जनवरी को इन्हें विभागीय उपसंचालक ने जवाब देने के लिए तलब किया है। खदान संचालक के मुख्तियार दुष्यंत दास ने छत्तीसगढ़ की नवगठित सरकार के मुख्यमंत्री एवं खनिज मंत्री विष्णुदेव साय पर पूरा विश्वास व्यक्त किया है कि वे उन्हें अतिशीघ्र ही न्याय दिलायेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविका डाली साहू का हुआ राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका डॉली साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर 2024 के लिए हुआ है। राष्ट्रीय एकता शिविर भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर एनआईसी कैंप का आयोजन 2 जनवरी से 8 जनवरी तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की संगठन व्यवस्था में स्वामी आत्मानंद शास्त्री अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय सोमानी जिला राजनांदगांव में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों के रासेयो इकाइयों की भी सहभागिता होगी।

सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान विभिन्न प्रांतों के स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के संस्कृति का आदान-प्रदान किया जायेगा। स्वयंसेविका का राष्ट्रीय एकता शिविर चयन हेतु संस्था के प्राचार्य डॉ. के एल टांडेकर, रासेयो जिला संगठक डॉ. एस.के.पटेल और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि, प्रो.करुणा रावटे एवं केमिस्ट्री विभाग से प्रो. शरद तिवारी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

जीएसटी करदाता 31 जनवरी तक कर सकते हैं आपत्ति

रायपुर। जीएसटी काउंसिल द्वारा जीएसटी करदाताओं के लिए माफी योजना लाई गई है। इस योजना के तहत करदाता मार्च 2023 तक कर अधिकारियों द्वारा किए गए आकलन के खिलाफ 31 जनवरी तक अपील कर सकते हैं।

मालूम हो कि जीएसटी अधिनियम के तहत करदाता कर निर्धारण पारित होने के तीन महीने के भीतर कर निर्धारण के खिलाफ आपत्ति दर्ज कर सकता है। जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक में इस पर निर्णय लिया गया। कर विशेषज्ञों से मिली जानकारी के अनुसार इस स्कीम के तहत करदाता को मार्च 2023 तक टैक्स अधिकारियों द्वारा पारित मांग आदेशों के खिलाफ अपील 31 जनवरी तक करना होगा। जीएसटी कानून के अनुसार एक निर्धारित टैक्स अधिकारी द्वारा आदेश पारित करने के तीन महीने के भीतर टैक्स की मांग करने वाले मूल्यांकन आदेश के खिलाफ अपील दायर कर सकता है, इसे अब एक महीने और बढ़ाया गया है।

कर चोरी करने वालों पर हो रही कार्रवाई

जीएसटी कानून के तहत कर अधिकारी करों का भुगतान न करने पर जीएसटी-पंजीकृत संस्थाओं के बैंक खातों सहित संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क कर सकते हैं। इन दिनों जीएसटी विभाग द्वारा फर्जी तरीके से काम करने वाली कंपनियों और जीएसटी चोरों पर कार्रवाई की जा रही है।

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किस्मों के बीज एवं बैटरी स्पेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

ASHISH
ANNEX
साड़ियां
शेरवानी
कोर्ट, शूट
लाचा
किड्स
वियर
KAMPTHI LINE,RAJNANDGAON (C.G.)

SPECIAL WINTER
SHOPPING FESTIVAL
भारतीय सिल्क एक्सपो
HANDLOOM & HANDI CRAFT EXHIBITION
स्थान : स्टेट हाई स्कूल ग्राउंड
खैरागढ़ रोड, राजनांदगाँव
समय- प्रातः 11 से रात्रि-10 बजे तक
12 दिस. 2023 से
20 जनवरी 2024

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com